विचार

" योग मस्तिष्क, हृदय और आत्मा को एक साथ लाने का अभ्यास है। यह शरीर, मन और आत्मा को एकीकृत करने की प्रक्रिया है "

महर्षि पतंजलि...

दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

D Edition

Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्

Bharattimesnews01@gmail.com




पेज 4


वर्ष- 2 | अंक-135 | दिल्ली, गुरूवार 27 जून 2024 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित


## न्यूज. ब्रीफ

### दवा फैक्ट्री में विस्फोट, 4 जिंदा जले

**भिवाड़ी।** भिवाड़ी (खैरथल-तिजारा) के औद्योगिक क्षेत्र में दवा और केमिकल बनाने वाली फैक्ट्री में चार कर्मचारी जिंदा जल गए। 12 अन्य कर्मचारी झुलस गए हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। दमकल की 10 गाडि?ों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के समय फैक्ट्री में 50 से अधिक कर्मचारी थे। भिवाड़ी के खुशखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में वर्तिका केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे इस फैक्ट्री में धमाका हुआ। इसके बाद पूरी फैक्ट्री को आग ने घेर लिया। इस दौरान फैक्ट्री में 50 से अधिक कर्मचारी काम कर रहे थे।

### भारतवंशी कपल को 11 साल की जेल

न्यूयार्क। अमेरिका में एक भारतवंशी जोड़े ने अपने एक रिश्तेदार को स्कूल में पढ़ाने के बहाने अमेरिका लाकर 3 साल तक उससे जबरदस्ती पेट्रोल पंप और जनरल स्टोर पर काम कराया। अमेरिका की कोर्ट ने इस कपल को 11.25 साल तक की जेल की सजा सुनाई है। 31 साल के भारतीय अमेरिकी नागरिक हरमनप्रीत सिंह और उनकी 43 साल की पत्नी कुलबीर कौर को पीड़ित व्यक्ति को 1.87 करोड़ रुपए का हजार्ना देने का भी आदेश दिया है। हरमनप्रीत और कुलबीर का अब तलाक हो चुका है।

### प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका खारिज

बंगलूरू। कर्नाटक की हासन सीट से पूर्व सांसद रहे प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब बंगलूरू की अदालत ने प्रज्वल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। बता दें कि प्रज्वल पर कई महिलाओं के यौन शोषण और दुष्कर्म का आरोप है। 33 वर्ष के पूर्व जेडी-एस नेता को विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में रखा गया है। उधर, कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में फंसे पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई सूरज रेवन्ना के खिलाफ सेक्शुअल हैरसमेंट का एक और केस दर्ज हुआ है। कर्नाटक के हासन से एमएलसी सूरज के खिलाफ अब उसके ही सहयोगी ने हासन थाने में यौन उत्पीड? की शिकायत दर्ज कराई है।

### मार्क रूटे नाटो के नए महासचिव नियुक्त

ब्रुसेल्स। ब्रुसेल्स में नाटो के 32 देशों ने बुधवार को नीदरलैंड के निवर्तमान प्रधानमंत्री मार्क रूटे को गठबंधन का अगला प्रमुख नियुक्त किया, उन्हें यह पद ऐसे समय में सौंपा गया है जब रूस यूक्रेन में आगे बढ़ रहा है और अमेरिका में चुनाव होने वाले हैं। रूटे 1 अक्टूबर को महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग से पदभार ग्रहण करेंगे, जब प्रमुख शक्तियों अमेरिका के नेतृत्व में अगले महीने वाशिंगटन में नाटो नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले उनके नामांकन को अंतिम रूप दे दिया है। मार्क रूटे नार्वे के जेन्स स्टोल्टेनबर्ग की जगह लेंगे। बता दें, स्टोल्टेनबर्ग ने इस पद पर एक दशक से अधिक समय बिताया है। साल 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद निरंतरता बनाए रखने के लिए, उनके कार्यकाल को बार-बार बढ़ाया गया था। नाटो राजदूतों द्वारा नियुक्ति को मंजूरी दिए जाने के बाद स्टोलटेनबर्ग ने सोशल मीडिया पर कहा, मैं अपने उत्तराधिकारी के रूप में मार्क रूटे के नाटो सहयोगियों के चयन का गर्मजोशी से स्वागत करता हूं।

**सुशासन को लेकर सरकार की सख्ती:** सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया निर्देश- कार्यालय में सुबह 10 से शाम 6 बजे तक रहना होगा मौजूद

# देर से ऑफिस आए तो खैर नहीं

**मंत्रालय से लेकर किसी भी सरकारी ऑफिस में समय पर नहीं पहुंच रहे अधिकारी-कर्मचारी**



**भोपाल।** मप्र में शासकीय अधिकारी कर्मचारी के समय को लेकर सख्ती बरती गई है। सभी को समय पर दफ्तर पहुंचने के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। कर्मचारियों को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक सरकारी ऑफिस में मौजूद रहना होगा। इसके साथ ही वक्त का विशेष ध्यान रखने की भी निर्देश दिया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने पत्र जारी किया है। जीएडी की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि पूरे प्रदेश के समस्त शासकीय कार्यालयों का कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक नियत किया गया है। निदेर्शानुसार सभी शासकीय कर्मियों से यह अपेक्षा की गई है कि प्रतिदिन कार्यालय प्रारम्भ होने के निर्धारित समय प्रातः 10 बजे कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करें। अपने अधीनस्थों को भी कृपया इस हेतु निर्देशित करने का अनुरोध है। **अधिकारी-कर्मचारी गंभीर नहीं-** तीन साल पहले शनिवार का कार्यालयीन दिवस खत्म करने के साथ दफ्तर में काम के घंटे बढ़ाने के सरकार के आदेश पर राजधानी समेत जिला मुख्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी गंभीर नहीं हैं। दफ्तरों में अधिकारी और कर्मचारी दोपहर 12 बजे तक पहुंच रहे हैं जबकि इसके लिए दस बजे का समय तय है। इसे देखते हुए अब मोहन यादव सरकार में सामान्य प्रशासन विभाग ने कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए फिर से आदेश जारी कर समय पर दफ्तर पहुंचने के निर्देश जारी किए हैं।

### अधिकारी खुद टाइम से आएं, अधीनस्थों को भी बुलाएं

तीन सालों से लागू इस व्यवस्था का असर यह है प्रदेश के सरकारी दफ्तरों में न अधिकारी और न कर्मचारी टाइम से पहुंच रहे हैं। जिलों में तो हालात ऐसे हैं कि प्रशासन से सीधा संपर्क न रखने वाले कई विभागों में अधिकारी और कर्मचारी दोपहर 12 बजे तक दफ्तर पहुंचते हैं। इन शिकायतों को ध्यान में रखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने एक बार फिर सभी संबंधित विभागों को स्मरण पत्र लिखकर समय पर दफ्तर पहुंचने और तय समय तक दफ्तर में रहकर काम करने की व्यवस्था याद दिलाई है। जीएडी ने बुधवार को जारी आदेश में सभी विभाग प्रमुखों से कहा है कि वे खुद तय समय सुबह 10 बजे दफ्तर पहुंचें, और अपने अधीनस्थों से भी इसका पालन कराएं।

### कोरोना में शनिवार को छुट्टी शुरू हुई थी

कोरोना के दौरान 2020 और 2021 में शनिवार को दफ्तर लगना बंद कर दिया गया था। इसके बाद सरकार ने यह तय किया कि केंद्र सरकार की तर्ज पर प्रदेश में भी फाइव डे वर्किंग रखी जाए, और शनिवार को दफ्तरों की छुट्टी रखी जाए। इस व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 8 अप्रैल 2021 को आदेश जारी कर सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, विभागों के विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त, राजस्व मंडल, कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत को निर्देश जारी कर कहा कि प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में कार्यालय का समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक तय किया जा रहा है।

# नीट पेपर लीक में सीबीआई रिमांड पर चिंटू और मुकेश




**हजारीबाग के स्कूल में जांच के लिए पहुंची केंद्रीय जांच एजेंसी**

**पटना।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई दो आरोपियों से पूछताछ करेगी। इसमें चिंटू कुमार और मुकेश कुमार शामिल हैं। सीबीआई कोर्ट के स्पेशल जज हर्षवर्धन सिंह ने बुधवार सुबह दोनों को 3 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। आर्थिक अपराध अन्वेषण इकाई की टीम ने दोनों को 22 जून को नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र के मुरौरा गांव से गिरफ्तार किया था। उधर, कोलकाता पुलिस ने 25 जून की देर रात एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोप है कि इसने स्टूडेंट के पेरेंट्स से मेरिट लिस्ट में नाम जोडने और कॉलेज में मेडिकल सीट देने के लिए 5 से 12 लाख रुपए तक की रकम वसूली है। इस मामले में अब तक 5 राज्यों में 27 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। उधर, सीबीआई की एक टीम हजारीबाग कल्लू चौक मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल पहुंची। यहां टीम ने स्कूल के प्रिंसिपल से पूछताछ की। इसके बाद टीम हजारीबाग स्थित स्टेट बैंक भी पहुंची है जहां प्रश्न पत्र भेजे जाने को लेकर जांच की जा रही है।

# 3 जुलाई को पेश होगा मप्र का बजट

**फरवरी में पास हुआ था 4 माह का अंतरिम बजट; 19 जुलाई तक चलेगा मानसून सत्र**



### 80 ध्यानाकर्षण, 4500 सवाल आए हैं

विधानसभा के मानसून सत्र के लिए विधायकों ने सोमवार अंतिम तारीख तक 4500 सवाल पूछे हैं। 14 दिन तक चलने सत्र में 80 ध्यानाकर्षण के भी मामले शामिल रहेंगे। विधानसभा सचिवालय सत्र की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। वहीं सरकार के विभाग विधायकों के सवालों के जवाब भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का एक जुलाई से शुरू होने वाले सत्र के लिए बजट की तारीख तय हो गई है। डॉ. मोहन यादव सरकार अपना पहला बजट 3 जुलाई को विधानसभा के पटल पर रखेगी। इसके पहले वित्त विभाग बजट संबंधी प्रक्रिया पूरी कर लेगा। विधानसभा सचिवालय ने 19 जुलाई तक चलने वाले सत्र के लिए अब तक की सूचना के आधार पर विधेयक पेश करने और प्रश्नोत्तर काल के समय की सूची विधायकों के लिए जारी कर दी है। इससे पहले लोकसभा चुनाव के चलते फरवरी में 4 माह का अंतरिम बजट पारित हुआ था। 4 और 5 जुलाई को होगी बजट पर चर्चा विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बताया कि सत्र के पहले दिन और दूसरे दिन प्रश्नोत्तर काल के बाद शासकीय कार्य होंगे। जिसमें विधेयक पेश किए जाएंगे। इसके बाद 3 जुलाई को एमपी सरकार का बजट पेश होगा। इसमें वित्त मंत्री और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा वर्ष 2024-25 के आय व्यय का विवरण पेश करेंगे। साथ ही, मध्यप्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन की जानकारी सदन के पटल पर सुबह 11.05 बजे रखेंगे। चार जुलाई को प्रश्नोत्तर काल के बाद बजट पर चर्चा होगी।

# पीएम मोदी करेंगे केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास

**दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री से मिले सीएम मोहन यादव**

**वर्ष 2028 में उज्जैन में होने जा रहे सिंहस्थ के लिए भी केंद्र से मांगा विशेष सहयोग**




**भोपाल।** मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की बहुप्रतीक्षित केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द कर सकते हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी की ओर से सैद्धांति स्वीकृति मिल गई है। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान बुधवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल तथा राज्यमंत्री वी. सोमन्ना और राज भूषण चौधरी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने उनसे प्रदेश से संबंधित सिंचाई परियोजनाओं और जल संरक्षण कार्यक्रमों पर सकारात्मक चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन-बेतवा परियोजना और पार्बती-कालीसिंध-चंबल परियोजना की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और परियोजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ-2028 के लिए केंद्र सरकार से विशेष सहयोग का अनुरोध भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुलाकात के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि केन -बेतवा नदी जोड़ो अभियान और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना पर हमारी सरकार गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। साथ ही उत्तर प्रदेश और राजस्थान सरकार से भी समन्वय स्थापित किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के प्रारंभ होने से बुंदेलखंड के साथ ही प्रदेश के अन्य क्षेत्र के जिलों को भी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि इसी सिलसिले में कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री जी से प्रत्यक्ष मुलाकात कर उन्हें निमंत्रण दिया था।

# केजरीवाल को 3 दिन की सीबीआई रिमांड

**सुबह हुई थी गिरफ्तारी**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट ने तीन दिन की सीबीआई कस्टडी में भेज दिया है। बुधवार सुबह सीबीआई ने शराब नीति केस में भ्रष्टाचार के आरोप में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सीबीआई ने उन्हें ट्रायल कोर्ट में पेश कर 5 दिन की कस्टडी मांगी। कोर्ट ने करीब 4 घंटे तक दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। शाम 7 बजे कोर्ट ने फैसला सुनाया। सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने कहा कि मीडिया में खबर चलाई जा रही है कि मैंने सिसोदिया पर शराब नीति के आरोप लगाए हैं। यह गलत है। मैंने कहा था कि कोई दोषी नहीं हैं। सिसोदिया भी दोषी नहीं हैं। इस पर सीबीआई के वकील ने कहा मीडिया में जो चल रहा है वह सब सही है। सब फैक्ट्स पर आधारित है। इससे पहले सुनवाई के दौरान ही कोर्ट रूम में केजरीवाल की तबीयत बिगड़ गई थी।

# दो जुलाई को राहुल गांधी कोर्ट में तलब

**गृहमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला**

**सुल्तानपुर।** गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बयान दर्ज करने के लिए तलब किया है। बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में पक्षकार बनने के लिए दी गई अर्जी खारिज कर दी है। मामले में अगली सुनवाई दो जुलाई को होगी। जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्र ने चार अगस्त 2018 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दायर किया था। आरोप लगाया था कि राहुल गांधी ने 15 जुलाई 2018 को कर्नाटक की राजधानी बंगलुरू में गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। 27 नवबंर 2023 को कोर्ट ने राहुल गांधी को विचारण के लिए तलब किया था। बीते 20 फरवरी को राहुल गांधी ने कोर्ट में हाजिर होकर अपनी जमानत कराई थी। उसके बाद से उनके बयान दर्ज होने की कार्रवाई में मामला लंबित है। सात जून को कोतवाली नगर के घरहा कला डिहवा निवासी राम प्रताप ने कोर्ट में अर्जी देकर पक्षकार बनाए जाने की मांग की थी। इसका परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने विरोध किया। कहा कि,राहुल गांधी के अनुचित प्रभाव में मामले को विलंबित करने के लिए अर्जी दी गई है।

# कर्नाटक में तीन और डिप्टी सीएम की मांग

**सीएम सिद्धारमैया बोले- हाईकमान का फैसला अंतिम**

### यह शिवकुमार को काबू में रखने का प्लान

राज्य में कांग्रेस के एक धड़े का मानना है कि मंत्रियों का तीन नए डिप्टी सीएम की मांग करना सिद्धारमैया कैंप के प्लान का हिस्सा है, ताकि मौजूदा डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को काबू में रखा जा सके और सरकार और पार्टी में उनके प्रभाव को कम किया जा सके। दरअसल पिछले साल मई में राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के समय से ऐसी चचाएं हैं कि सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद शिवकुमार सीएम पर दावेदारी कर सकते हैं।

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में तीन और डिप्टी सीएम बनाए जाने की मांग उठ रही है। कर्नाटक के कुछ मंत्री वीराशैवा-लिंगायत, एससी-एसटी और माइनॉरिटी कम्युनिटी के नेताओं को डिप्टी सीएम दिए जाने की पैरवी कर रहे हैं। इसे लेकर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि इस मामले में कांग्रेस हाईकमान का फैसला फाइनल होगा। फिलहाल कर्नाटक में डिप्टी सीएम के पद पर वोक्कालिगा समुदाय के डीके शिवकुमार हैं। को-ऑपरेशन मिनिस्टर केएन राजन्ना, हाउसिंग मिनिस्टर बीजेड जमीर अहमद खान, पब्लिक वर्क्स मिनिस्टर सतीश जारकीहोली समेत कई अन्य नेताओं ने इस हफ्ते राज्य में तीन और डिप्टी सीएम बनाए जाने का मामला उठाया। ये सभी नेता सिद्धारमैया के करीबी माने जाते हैं।

# टैक्स बिल के खिलाफ सडकों पर हजारों लोग

**नैरोबी।** अफ्रीकी देश केन्या में नए टैक्स बिल के खिलाफ हजारों लोग सडकों पर उतर आए। वे संसद के बाहर लगे बैरिकेड्स को पार कर अंदर घुस गए, जहां सांसद बिल पर चर्चा कर रहे थे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने संसद में आग लगा दी। इस दौरान पुलिस की फायरिंग में 5 लोगों को मौत हो गई, वहीं करीब 31 लोग घायल हो गए। इस प्रदर्शन में ज्यादातर युवाओं ने हिस्सा लिया। संसद में हिंसा के दौरान सांसदों के एक अंडरग्राउंड टनल के जरिए बाहर निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने संसद के परिसर में तोडफोड़ भी की। वहीं केन्या में मौजूद भारतीय दूतावास ने भी नागरिकों को सावधानी बरतने की अपील की है।

**महाकाल** | सावन में वीकेंड पर भस्मारती के लिए नई व्यवस्था, 700 आम श्रद्धालुओं को मिलेगा प्रवेश

# बाबा महाकाल के दरबार में नहीं होगा कोई भी वीआईपी

**इनमें से करीब 10 हजार से अधिक श्रद्धालु ऐसे हैं जो कि भस्म आरती दर्शन करना चाहते हैं,**





**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भस्म आरती में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। शनिवार और रविवार को अवकाश होने के कारण अधिक भीड़ रहती है। महाकाल लोक बनने के बाद देखा गया है कि शनिवार और रविवार को श्रद्धालुओं की संख्या करीब डेढ़ से दो लाख तक पहुंच रही है। इनमें से करीब 10 हजार से अधिक श्रद्धालु ऐसे हैं जो कि भस्म आरती दर्शन करना चाहते हैं, लेकिन भस्म आरती में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या सीमित होने की वजह से वह शामिल नहीं हो पाते हैं। श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए महाकाल मंदिर समिति पहली बार बड़ा परिवर्तन करने जा रही है। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष कलेक्टर नीरज सिंह ने बताया कि जल्द ही के छुट्टियों के समय शनिवार और रविवार को भस्म ने आरती में मिलने वाला प्रोटोकॉल अब खत्म किया को जाएगा। शुरूआत में इसे श्रावण माह से पहले शुरू करेंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा तो इसे आगे के एक लिए भी लागू किया जाएगा। महाकाल मंदिर में नई व्यवस्था लागू होने से 700 से अधिक आम श्रद्धालुओं को भस्म आरती में प्रवेश मिलने लगेगा।

दो दिन में 1400 भक्तों को परमिशन वर्तमान में भस्म आरती में 700 लोगों को प्रवेश मिलता है। इसमें ऑनलाइन परमिशन 400 भक्तों के लिए, ऑफ लाइन परमिशन जिसमें भक्तों को मंदिर के काउंटर पर आकर सुबह लाइन में लगकर भस्म आरती की परमिशन बनवानी पड़ती है। 300 परमिशन प्रोटोकॉल में पण्डे पुजारियों की प्रतिदिन रहती है। इसके अलावा जिला प्रोटोकॉल, मीडिया, जनप्रतिनिधि, अधिकारी सहित न्याय विभाग, मंत्री, विधायक, सांसद के प्रोटोकॉल मिलाकर करीब 400 परमिशन रोजाना बनती है। कुल 700 प्रोटोकॉल भस्म आरती की परमिशन बनाई जाती है जो कि शनिवार और रविवार को अब आम श्रद्धालुओं को मिलने लगेगी। भस्म आरती में इस व्यवस्था के तहत अब शनिवार और रविवार को कुल 1400 परमिशन श्रद्धालुओं को दी जाएगी। संभवतः इन्हें ऑफलाइन और ऑनलाइन परमिशन में बांटा जाएगा, जिससे श्रद्धालु घर बैठे और मंदिर आकर विंडो से परमिशन बनवाने वाले भक्तों को फायदा मिलेगा।


Regd. 202045

भारतीय पत्रकार समिति

पत्रकारों के हक में - पत्रकारिता के हित में

तेजी से उभरता भारत का सबसे बड़ा पत्रकारों का संगठन

पत्रकारिता से जुड़े व्यक्ति सदस्य बनने के लिए अपना बायोडाटा आईडी कार्ड सहित ईमेल करें

भारतीय पत्रकार समिति

निष्पक्ष • निडर • सेवाभाव

राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान शुरू

Email: indianjournalistcommittee@gmail.com

# जिला कलेक्टर ब्यावर के निदेशी की पालना में उपखण्ड अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण

♦भारत टाइम्स♦

**बर- ब्यावर कैलाश गुर्जर।** उपखण्ड अधिकारी रायपुर द्वारा दिनांक 26,06.2024 को राज्य सरकार एवं श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय ब्यावर के निदेशी की पालना में कार्यालय तहसीलदार रायपुर, कार्यालय उपकोषाधिकारी रायपुर, कार्यालय पंचायत समिति रायपुर, कार्यालय जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण पंचायत समिति रायपुर, कार्यालय कार्यक्रम अधिकारी एम.जी.नरेगा पंचायत समिति रायपुर, कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रायपुर, कार्यालय जन स्वा. अभि. विभाग रायपुर, कार्यालय ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर, कार्यालय राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायपुर,





आर.एम.आर.एस. कार्मिक, एम.एन.डी.वाई. कार्मिक, एन.एच.एम कार्मिक, कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी रायपुर, कार्यालय राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय रायपुर आदि कार्यालयों का ड्ट प्रातः 10:15 बजे एवं ग्राम पंचायत पिपलियाकलां के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त कार्यालयों में 55 राजकीय कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित कार्मिकों को नोटिस जारी कर विभागाध्यक्ष को निय ?मानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया एवं भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो इस हेतु निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत पिपलियाकलां के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उच्च अधिकारीयों की पूवार्नुमति के अनुपस्थित पाये जाने पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ओपीडी रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन करने हेतु प्रस्ताव दिया गया, परिसर के अन्दर एवं बाहर वृक्षारोपण करने हेतु, वाथरूम की साफ सफाई करवाने हेतु निर्देशित किया गया। श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना का निरीक्षण कर प्रभारी द्वारा प्रभावी मॉनिटरिंग करने, फ्लेक्स लगवाने,। परिसर के आस पास की सफाई करवाने हेतु निर्देशित किया गया व पूर्व मे दिये गये निदेशी की पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। लाभार्थी को मैन्यू अनुसार दाल, सब्जी, चावल, अचार व 300 ग्राम वजन अनुसार चपाती दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। वक्त निरीक्षण मोवाईल से टोकन जारी करना पाया गया अतः कम्प्यूटर से टोकन जारी करने एवं लाभार्थीयों के मोबाईल नम्बर अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# मिनी ट्रक में शार्ट सर्किट से आग से चालक की मौत

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा सोहनलाल वैष्णव।** थाना क्षेत्र के मुरकासनी गांव में सोजत गोटन मेघा हाइवे पर बुधवार अल सुबह करीब 3 बजे मिनी ट्रक में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई जिसमें चालक गंभीर रूप से झूलस गया। घायल चालक जोधपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। ोरुंदा थाना अधिकारी देवकिशन ने बताया कि थाना क्षेत्र के रणसीगांव व मुरकासनी की सरहद में रीको क्षेत्र के पास बुधवार अल सुबह करीब 3 बजे एक मिनी ट्रक रणसीगांव से बिलाड़ा की ओर जा रहा था। मिनी ट्रक में अचानक से शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। जिससे चालक मनोहर उम्र 40 पुत्र मांगीलाल जाति पटेल निवासी बिलाड़ा गंभीर रूप से जुलस गया। जिसे एंबुलेंस की सहायता से बिलाड़ा अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद जोधपुर रेफर कर



दिया। घटना की सूचना पर बोरुंदा थाना से मुख्य आरक्षी मनोज कुमार बेरवा मय टीम घटना स्थल पर जाकर मौका मुआयना किया। घायल मनोहर जोधपुर में उपचार के दौरान सुबह करीब 8 बजे चालक की मौत हो गई। पुलिस के मुख्य आरक्षी रामनिवास जाट ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# फसल क्लेम बीमा नहीं मिलने पर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा



### खवासपुरा के किसानों को नहीं मिली प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम की राशि

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा सोहनलाल वैष्णव।** खवासपुरा के कई जनप्रतिनिधियों व ग्रामीण किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत करवाए गए फसल बीमा की राशि फसल खराबा के बावजूद नहीं मिलने पर पीपाड़शहर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। खवासपुरा के कई अग्रणी किसानों ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसल 2023-24 में बीमा बैंक व ग्राम सेवा सहकारी समिति में फसल बीमा करवाया गया था इस वर्ष में बारिश की कमी के चलते 80 से 85% खरीफ फसल खराबा हुआ था। आसपास की कई पंचायतों में फसल खराबा कि मुआवजा राशि मिल चुकी है लेकिन खवासपुरा पटवार मंडल के किसानों को अभी तक नहीं मिली इसको लेकर पीपाड़ शहर उपखंड अधिकारी दुदाराम हुड्डा को दर्जन भर से अधिक किसान लोगों ने ज्ञापन सौंप कर प्रधानमंत्री फसल बीमा की क्लेम राशि दिलाने की मांग की। हस्ताक्षर युक्त दिए गए ज्ञापन में सरपंच मोनिका सतनामी, मंडल सदस्य हरेंद्र जाखड़, सेवानिवृत सहायक कृषि अधिकारी अमरदास वैष्णव, पूर्व मंडल सदस्य मानाराम रलिया, भंवरलाल जाखड़, कैलाश जाखड़, चौथाराम सियाग, पारसराम, रामनिवास देवड़ा, हनुमानराम, दुगार्राम जाखड़ व घीसाराम सहित कई ग्रामीण किसान उपस्थित रहे।

# कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की विकसित झोटवाड़ा पर चर्चा



### कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ जी ने कहा, हम सभी जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए झोटवाड़ा समेत राजस्थान की जनता की सेवा, सुरक्षा व सुविधा के लिए सदैव संकल्पित है

♦भारत टाइम्स♦

**झोटवाड़ा/ अलवर/ राजेश गुप्ता।** राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री और झोटवाड़ा से विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ जी ने प्रखर राजनीतिज्ञ, कर्मठ जनसेवक माननीय केन्द्रीय मंत्री आदरणीय श्री नितिन गडकरी जी से शिष्टाचार भेंटकर कुशलक्षेम जाना एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ जी ने श्री नितिन गडकरी जी से झोटवाड़ा में राष्ट्रीय राजमार्ग में अंडरपास के नीचे 6 लेन सड़क निर्माण, ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान और राजमार्गों के बाईपास में एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर समुचित व्यवस्था करने समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से सकारात्मक विचार-विमर्श किया। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ जी ने कहा, हम सभी जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए झोटवाड़ा समेत राजस्थान की जनता की सेवा, सुरक्षा व सुविधा के लिए सदैव संकल्पित हैं। हम सभी मिलकर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु निरंतर सकारात्मक रूप से प्रयासरत हैं।

# झाला की चौकी नेशनल हाईवे पर एक्सीडेंट हुए गम्भीर गोवंश को अस्पताल पहुँचाया

### झाला की चौकी के गोरक्षक कर रहे सेवा

♦भारत टाइम्स♦

**बर ब्यावर कैलाश गुर्जर।** झाला की चौकी नेशनल हाइवे पर कल एक ट्रक चालक ने गोवंश को बुरी तरह चपेट में लिया । ट्रक की चपेट में आने से गोवंश गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसकी तुरंत सूचना मिलने पर गोरक्षक अजयपाल सिंह भाटी , हुकमाराम नायक / नीरज भाटी मौके पर पहुँचे । जिन्होंने सेंदड़ा के पशुधन सहायक संजय गोस्वामी से सम्पर्क किया। संजय गोस्वामी ने तुरंत ही पशुधन सहायक विजेंद्र शर्मा , पशुधन सहायक राधेश्याम जी को तुरंत गोवंश के प्राथमिक उपचार के लिए भेजा। पशुधन सहायक ने बिना किसी देरी के तुरन्त गोवंश के पास पहुँचे ओर गौवंश का प्राथमिक उपचार किया । उसके बाद पशुधन सहायक संजय स्वामी ने कैलाश गुर्जर झाला की चौकी से वातालर्प करके जय महाराणा प्रताप गोसेवा संस्था मगरा क्षेत्र लगैत खेड़ा पीपली का बाड़िया ब्यावर से संपर्क किया। जय महाराणा गोसेवा संस्था ने बहुत जल्दी ही समय पर पहुँचकर गौवंश को अस्पताल पहुचाया। जानकारी के अनुसार आपकों बता दे की जय महाराणा प्रताप गोसेवा संस्था मगरा क्षेत्र बहुत सक्रीय संस्थान इनको सूचना मिलने पर तुरंत मगरे क्षेत्र में गोवंश के उपचार के पहुँच जाती हैं। गम्भीर रूप से घायल हुए



गोवंशो को अस्पताल पहुचाती हैं। झाला की चौकी में सेवा के लिएआगे आ रहे गोभक्त अजयपाल सिंह भाटी जसवंत नायक, , हुकमाराम नायक / नीरज भाटी , राधेश्याम मेवाड़ा , देवेन्द्र मेवाड़ा / जीतू भाई मेवाड़ा ( डळ्उ ग्रुप ) लक्ष्मण सिंह , खेम सिंह , सम्पत नायक , एडवोकेट पंकज मेवाड़ा , उगम सिंह भाटी , पूनम सिंह, आनंद सिंह भीला , योगेश सैन , जितेंद्र नायक , वार्डपंच प्रकाश नाथ ,वार्डपंच धमेंद्र नाथ, झाला की चौकी कॉपरेटिव अध्यक्ष खुम सिंह खेजड़ा , किशोर सिंह भीला ,सम्पत सिंह जैतपुरा , वार्डपंच दिलीप सिंह जैतपुरा , वार्डपंच भरत सिंह जैतपुरा डॉ सुनील मेवाड़ा, नरेन्द्र नाथ , मनहोर नाथ योगी , परमेश्वर सिंह भीला , किशन लाल गुर्जर , दिनेश मेवाड़ा , प्रताप सिंह , दिनेश नाथ , नरपत सिंह भीला, बाबूलाल जोशी ( बालाजी टेलर्स ) चेतन सिंह भगवान पूरा , नरेश गुर्जर , महेश मेवाड़ा , यह वो सदस्य हैं जो कभी ना हमेशा गोसेवा में हाजर रहते हैं जब भी इनको समय मिलता हमेशा गोमाता की सेवा में पहुँच जाते हैं।

# राजस्थान के सपूत ओम बिरला का पुनः लोकसभा अध्यक्ष बनना संसदीय परंपरा में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा- अशोक गुप्ता



♦भारत टाइम्स♦

**अलवर/ राजेश गुप्ता।** राजस्थान के सपूत व कोटा से सांसद ओम बिरला का पुनः लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर अध्यक्ष अशोक गुप्ता के नेतृत्व में आतिशबाजी की गई एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि ओम बिरला जी का पुनः लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर संसदीय परंपरा में एक नया कीर्तिमान स्थापित करें करेगा एवं लोकतंत्र में नवीन अध्याय की शुरूआत करेगा कार्यक्रम में जिला महामंत्री गोवर्धन सिंह सिसोदिया, राम अवतार चौधरी, जिला उपाध्यक्ष देशराज वर्मा , जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन,जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, किसान मोर्चा जिला संयोजक जितेंद्र राठौर, मंडल अध्यक्ष डॉ रवि यादव, सुनील चौधरी ,सुनील यादव ,रवि राज सिंह चौहान, पंकज सिंह ,भूपेंद्र राजपूत ,विजय सिंह राजपूत, भूपेंद्र सिंह, सुभाष अग्रवाल, अशोक गोयल सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

# राजस्थान में उद्योगों के लिए सुरक्षित वातावरण देने के लिए हम सदैव संकल्पित - कर्नल राज्यवर्धन

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर /राजेश गुप्ता।** राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार को भिवाड़ी (खैरथल-तिजारा) के औद्योगिक क्षेत्र में दवा और केमिकल बनाने वाली फैक्ट्री में हुए दर्दनाक हादसे पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। व्यावसायिक सुरक्षा को समर्पित कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास और निवेश निगम (रीको) के अधिकारियों से बात कर औद्योगिक क्षेत्रों एवं इकाइयों के लिए अग्नि सुरक्षा ऑडिट करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने फैक्ट्री अधिनियम के तहत सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने वाली अवैध रूप से चल रही सभी औद्योगिक इकाइयों का सर्वे करने का निर्देश दिया। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, राजस्थान में उद्योगों के लिए सुरक्षित वातावरण देने के लिए हम संकल्पित हैं।



# रैणी क्षेत्र में मनरेगा कार्यक्रम पर लोगों को बैंक संबंधी योजनाओं एवं वित्तीय साक्षरता की दी जानकारी

### रैणी उपखंड क्षेत्र में मनरेगा कार्य पर लोगों को बैंक संबंधित योजना एवं वित्तीय साक्षरता की दी जानकारी



♦भारत टाइम्स♦

*__राजगढ़ अलवर।__ भारतीय रिजर्व बैंक एवं कृसिल फाउंडेशन के तत्वाधान में मनी वाइज सीएफएल प्रोग्राम से रैणी ब्लॉक से फील्ड ऑफिसर मानसिंह कोली द्वारा मनरेगा कार्यक्रम पर जाकर सभी ग्रामीण लोगों को सरकारी बैंकिंग योजनाओं जैसे अटल पेंशन योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,सुकन्या समृद्धि योजना,छोटी छोटी बचत करना एवं पैसा का सही जगह पर निवेश करना एवं डिजिटल लेनदेन सुविधा,फ्रॉड कार्यों से बचाना एवं वित्तीय साक्षरता से संबंधित जानकारी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस शिविर में नरेगा मेट बलराम मीना एंव वार्ड मेंबर सहित लगभग 80 ग्रामीण लोग मौजूद रहे।*

आवश्यकता

भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स और अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।

Bharattimesnews01@gmail.com

Whatsapp

9509745147
9799911545

# जिला कांग्रेस कमेटी ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

♦भारत टाइम्स♦

**अलवर/ राजेश गुप्ता।** जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के एक प्रतिनिधि मण्डल ने योगेश मिश्रा,जिलाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री राजस्थान के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया की कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर सरकार से सवाल तथा जनता के हितो के लिए संघर्ष करती रहेगी। इसी क्रम में नीट यूजी के पेपर लीक के अपराधियों की गिरफ्तारी, नीट का पेपर रद्द कर दुबारा नीट की परीक्षा करवाना, अलवर जिले की बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था, अलवर जिले की पानी व बिजली की बिगड़ी हुई व्यवस्था में सुधार एवं अलवर शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द डोटासरा और राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कोटा के कांग्रेस कार्यकताओं पर शान्ति पूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने पर दर्ज झूंठे मुकदमे वापस लेने को लेकर



मिनी सचिवालय में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा की 7 दिन में सरकार द्वारा ज्ञापन की मांगों का समाधान नहीं किया गया तो जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की ओर से सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर विधायकों, विधायक प्रत्याशियों, ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, जिला पार्षदों, नगर पार्षदों, नगर परिषद एवम पालिकाओं के चेयरमैनो, पंचायत समिति के प्रधानों, पी सी सी, डी सी सी, बी सी सी और एमसीसी के पदाधिकारियों,वरिष्ठ कांग्रेस जनों, कार्यकताओं तथा पदाधिकारियों के साथ शान्ति पूर्ण तरीके से धरना एवम प्रदर्शन करेंगे तथा उसके बाद जिला मुख्यालय पर शान्ति पूर्ण धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट का घेराव किया जावेगा ।इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, विधायक दीपचंद खैरिया, विधायक कांति मीणा, विधायक ललित यादव, विधायक मांगीलाल मीणा, पूर्व विधायक राजेंद्र गन्डुरा, कांग्रेस प्रत्याशी संजय यादव, पीसीसी महासचिव अजीत यादव, अशोक सैनी, नेता प्रतिपक्ष विक्रम यादव, बलराम यादव, प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता, शहर अध्यक्ष जयदीप आर्यन, योगेश मीणा, श्रीमती कमलेश सैनी, श्रीमती जीत कौर सांगवान, डॉ.पायल चौधरी, श्रीमती लीली यादव, पुष्पेन्द्र धाबाई, राजेंद्र पाल शर्मा, गिरीश डाटा, गफूर खान,जगदीश अवस्थी, शादी खान, चंद्रभान गुर्जर, इम्तियाज, उमरदीन खान, गब्बर मीणा, शिवचरण सैनी, , हीरेन्द्र शर्मा, जमशेद खान, प्रकाश गंगावत, साजिद खान, रमन सैनी, राजेश कृष्ण सिद्ध, रामप्रकाश शर्मा, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, सोनू गोपालिया, सूरजमल कर्दम, प्रशांत राजा, धर्मपाल नंगली, दशरथ सिंह शेखावत, विष्णु यादव, गौरी शंकर विजय, रामकिशन बैरवा, रामगोपाल सोनी, गूगन प्रधान, ओमप्रकाश सैन , शुभम मीणा आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री से मिले तिरुपति स्कूल ऑफ नर्सिंग के विधार्थी

- ज्ञापन देकर बताई अपनी व्यथा
- कॉलेज की मान्यता एवं आरएन नम्बर के लिए कल देगें जयपुर में धरना

♦भारत टाइम्स♦



**उदयपुर।** उदयपुर के पेसिफिक मेडिकल विश्वविधालय के तहत संचालित होने वाले तिरुपति स्कूल ऑफ नर्सिंग के सैकड़ों छात्र कॉलेज की मान्यता एवं आरएन नंबर के लिए आज माननीय स्वास्थ्य मंत्री से मिले एवं ज्ञापन देकर बताई अपनी व्यथा बताई। इसी सदर्भ में एवं कल माननीय स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष जयपुर में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक धरना प्रदर्शन करेगें। नर्सिंग विधार्थी विकास सारंग ने बताया कि उदयपुर स्थित तिरुपति स्कूल ऑफ नर्सिंग में अध्यनरत 300 से अधिक नर्सिंग छात्रों के भविष्य दाव पर लगा हुआ है। कॉलेज की मान्यता रद्द करने के सरकार के फैसले के बाद नर्सिंग छात्रों में जबरदस्त रोष है। छात्र विगत कई दिनों से कॉलेज में अपनी मानसिक वेदना को प्रबंधन के सामने प्रकट कर रहे हैं और अनुरोध कर रहे हैं कि सरकार के समक्ष उनकी बात को प्रमुखता से रखा जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए। लेकिन कॉलेज प्रबन्धन की कोशिशो के बाद भी मसला हल नहीं हो पाया। दरअसल नर्सिंग की शिक्षा के लिए दो सरकारी एजेंसियां नियुक्त की जाती है पहले आईएनसी और दूसरी आरएनसी. तिरुपति स्कूल ऑफ नर्सिंग में अध्यनरत छात्रों को 2016-17 से लेकर 2020-21 तक के विद्यार्थियों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दोनों सरकारी एजेंसियों से मान्यता दी गई, विद्यार्थियों ने मान्यता देखकर ही कॉलेज में दाखिला लिया तब से वह यहां नियमित विद्या अध्ययन कर रहे हैं. उन्होंने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की किया जिसे राज्य सरकार ने मंजूर करते हुए तब से संबंधित अध्यनरत विद्यार्थियों को छात्रवृतियां आज तक प्रदान की जा रही है । गत 13 जनवरी 2022 को सरकार द्वारा एक लेटर जारी कर कॉलेज को अवगत कराया गया की 2021-22 से मान्यता को रद्द किया जाता है किंतु उस लेटर में कहीं भी इस बात का उल्लेख नहीं है कि पिछले बेच के बच्चों पर ये आदेश लागू होगा । यहां अध्ययनरत बच्चों की विडंबना यह है इन बच्चों ने मान्यता देख कॉलेज में दाखिला लिया, सरकार द्वारा समय-समय पर दी जा रही छात्रवृत्तियों उन्हें मिली किंतु आज इनका भविष्य अधर में है, इनमें से कई बच्चों ने लोन से अपनी शिक्षा को पूर्ण किया आज लोन चुकाना मुश्किल हो रहा है, क्यूंकि बच्चे 2 वर्षों से बिना जॉब के बेकार घूम रहे हैं और मानसिक अवसाद की स्थिति में है। इस समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार ने आरएनसी द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया उनकी रिपोर्ट मैं सभी कुछ सही पाया गया आर एन सी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को पेश कर दी है किंतु अभी तक सरकार द्वारा उस के ऊपर कोई भी निर्णय नहीं लिया गया है। मेरे पिताजी ने प्राइवेट नौकरी करते है एवं मुझे पढाने के लिए बैक से लोन लिया घर खर्च के साथ ही बैक की किस्त चुका रहे है साथ ही मेरे छोटे भाई-बहिनों की जिम्मेदारी भी उन पर है मैने सोचा नर्सिग करने के बाद अपने पिताजी का वनज थोड़ा कम हो जाऐगा लेकिन पता नही अब क्या होगा - विकास सारंग,नर्सिग विधार्थी मेरे पिताजी ने साहूकार से मेरे को पढ़ने के लिए उधार लिया और मेरी पढ़ाई के लिए लगाया अब में कैसे मेरे पिताजी उसको चुका पाएंगे। क्यों उनकी उम्मीद मैं ही हूँ - हर्ष टेलर,नर्सिग विधार्थी नर्सिंग की पढ़ाई के दौरान मुझे चारों साल तक स्कॉलरशिप मिली और पूरा पैसा मुझे मिला। अगर कॉलेज मान्यता प्राप्त नहीं था तो सरकार ने स्कॉलरशिप क्यों दी - कीर्ति कुमारी,नर्सिग विधार्थी मेरे घर में मेरी माँ छोटी मोटी नौकरी करके घर का गुजारा चलाती है और अपनी जमीन बेच के मेरी माँ ने मुझे पढ़ाने के लिए भेजा लेकिन अब कैसे हमारा गुजारा होगा - राहूल,नर्सिग विधार्थी तिरुपति स्कूल ऑफ नर्सिंग कॉलेज में विश्वस्तरीय सुविधाए है एवं बच्चों के उच्च प्रशिक्षण के लिए जो भी नियमानुसार आदर्श सुविधाए होनी चाहिए वह हमने उपलब्ध करा रखी है। यह पूरा मामला किसी पूर्वाग्रह से प्रभावित लगता है और ऐसे में हमारा आग्रह यही है कि बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखतें हुए इस समस्या का तुरन्त से समाधान किया जाए। **-राहुल अग्रवाल,चेयरपर्सन पेसिफिक मेडिकल विश्वविधालय।**

## पहले चरण में 10 करोड़ से अधिक की लागत से मंगलनाथ मंदिर परिसर में किया जाएगा स्टोन क्लैडिंग का काम

♦भारत टाइम्स♦



**उज्जैन /जगदीश परमार।** मंगलनाथ मंदिर का कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने किया निरीक्षण प्रस्तावित निर्माण कार्यों के संबंध में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के अंतर्गत पहले चरण में 10 करोड़ से अधिक की लागत से मंगलनाथ मंदिर परिसर में स्टोन क्लैडिंग का काम किया जाएगा। कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने बुधवार सुबह मंगलनाथ मंदिर पहुंचकर यहां प्रस्तावित निर्माण कार्यों के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने सिंहस्थ 2028 के लिए मंदिर परिसर के कायाकल्प के लिए प्रस्तवतित 20 करोड राशि से प्रस्तावितकार्यो डीपीआर का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ उज्जैन विकास प्राधिकरण श्री संदीप सोनी , अधीक्षण यंत्री श्री नीरज पांडे, एसडीएम श्री एल एन गर्ग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। मंगलनाथ मंदिर के कायाकल्प के पहले चरण में 10.78 करोड़ की लागत से स्टोन क्लैडिंग कार्य किया जाएगा ,जिसमें इंटरनल कॉलम्स, शिखर, डोम, एक्सटीरियर फसाड् तथा वर्तमान स्टोन क्लीनिंग कार्य की मरम्मत की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्माण एजेंसी उज्जैन विकास प्राधिकरण को इन कार्यों की स्वीकृति संबंधी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने दूसरे चरण के प्रस्तावित कार्यों के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा की।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा करेंगे सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत लाभार्थी उत्सव का आगाज आज

### डीबीटी के माध्यम से अभिवृद्धित दरों से पेंशन राशि करेंगे हस्तांतरित

**यादराम वर्मा गंगापुर सिटी।** माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा सामाजिक सुरक्षा पेंशन में अभिवृद्धित दरों से पेंशन राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से झुंझुनू से किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर लाभार्थी समारोह कार्यक्रम का आयोजन 27 जून, 2024 को दोपहर 12 बजे वीसी के माध्यम से विजय पैलेस, पुरानी चुंगी, गंगापुर सिटी में किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत योजना के लाभार्थी विजय पैलेस में उपस्थित रहकर जुड़ेंगे। इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए उप जिला कलक्टर, अनूप सिंह को नोडल अधिकारी एवं जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी मीना आर्य को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि एक साथ सीधे उनके खाते में हस्तांतरित की जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

### सुख सेवा संस्थान और केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में हुआ आयोजन

- नशामुक्ति की दिलाई शपथ, लगाए नशा विरोधी नारे

♦भारत टाइम्स♦



**चित्तौड़गढ़ (लाइव रिपोर्ट: अमित कुमार चेचानी)।** अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र और केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में शहर में जन जागरूकता रैली निकाली गई। संस्थान मीडिया प्रभारी अमित कुमार चेचानी ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 9 बजे जिला अफीम अधिकारी अमर सिंह कनौजिया और अजय शंखवार ने हरी झण्डी दिखा कर रैली को रवाना किया जिसमें सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र के अध्यक्ष गफ्फार पठान, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो चित्तौड़गढ़ के निरीक्षक प्रदीप लोट परमवीर सिंह आलोक कुमार, पैरा लीगल वोलियंटर दिलखुश खटीक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थान के स्टाफ व इलाजरत मरीजों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। संस्थान काउंसलर प्रभात शर्मा ने बताया कि नशा विरोधी जागरूकता का संदेश देती रैली को शहर के विभिन्न मार्गों से निकाला गया जिसमें केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो चित्तौड़गढ़ और सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र के वाहन भी साथ चले। रैली के दौरान नशा विरोधी स्लोगन की तख्तियां और नारे का भी उद्घोष किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो जिला चित्तौड़गढ़ के अफीम अधिकारी अमर सिंह कनौजिया ने कहा कि नशा इंसान के शरीर का ही नहीं बल्कि पूरे समाज व देश का दुश्मन है। नशे की गिरफ्त में आकर व्यक्ति अपराध प्रवृति की ओर बढ़ता है जिससे कई तरह के नुकसान समाज व देश को उठाने पढ़ते है। इसलिए बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए हमें हर संभव प्रयास करने होंगे। सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष गफ्फार पठान ने इस अवसर पर कहा कि संस्थान द्वारा प्रति वर्ष 26 जून को विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति केंद्र पिछले कई सालों से नशा मुक्ति हेतु प्रयासरत है।नशा मुक्ति हेतु संस्थान द्वारा समय-समय पर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाकर आमजन को नशा मुक्त समाज - नशामुक्त देश हेतु प्रयास करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। इस अवसर पर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो चित्तौड़गढ़ का समस्त स्टाफ और सुख सेवा संस्थान के शोयब पठान, जितेंद्र सिंह तोमर, रवि जैन, गिरीश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।




## बीएन पब्लिक स्कूल में श्रेष्ठ विद्यार्थियो का सम्मान समारोह का आयोजन

*उदयपुर। भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल में बुधवार दिनांक 26/6/24 को सत्र 2023-24 में कक्षा 10 एवं 12 में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले टॉपर्स विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि स्कूल चेयरमैन हनुमंत सिंह बोहेड़ा थे। प्राचार्या डॉ. सीमा नरूका ने बताया कि उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों कुलराज सिंह सोलंकी, हिमांशी शर्मा, संस्कृति नरूका, पूजा मेवाड़ा सहित 31 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बोहेड़ा ने विद्यार्थियों को परिश्रम का महत्व बताते हुए बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। संस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल प्रो शिवसिंह सारंगदेवोत, सचिव महेन्द्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह रूपा खेड़ी ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित की और उज्जवल भविष्य की कामना की।*

## जति बाबा महेंद्र महाराज का किया भव्य स्वागत



♦भारत टाइम्स♦

**रतलाम ।** विरीया खेड़ी तहसील रतलाम मध्यप्रदेश में सीरवी समाज के 28 परिवार है। आगलेचा, पंवार, काग, चोयल, सेणचा ,बर्फा , और यहां पर समाज के बंधुओं ने जति बाबाजी का स्वागत किया गया मंदिर में धर्म सभा का आयोजन किया गया। धर्म सभा में जति बाबा महेन्द्र महाराज ने बताया प्रति शनिवार को माता बहने एवं बच्चों सहित पधाकर एक घंटा माताजी के भजन माता जी की चालीसा का वाचन वंदना आरती और सत्संग करेंगे साथ ही बीज को भोजन बीज का उपवास और बीज के दिन सभी पुरुष लोग साथ में बच्चे भी 1 घंटे में माताजी के भजन माता जी की आशीष करेंगे। उपस्थित सभी लोगों ने श्री आई माताजी की कथा का आनंद लिया वेल के 11 नियमों पर सत्संग का लाभ प्राप्त किया। धर्मगुरु दीवान माधव सिंह जी के आदेश अनुसार प्रति परिवार तीन सौ रुपए प्रति माह बचाओ सुबह दातुन करो घर में घी का दीपक जलाओ माताजी की आरती बोलो आई चालीसा रोहित दासजी चालीसा का सब पाठ करो।

## प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में सैंकड़ों लोग हुए लाभान्वित

- चामराजपेट के महावीरस्वामी वर्षितप भवन में चल रहा है यह शिविर



♦भारत टाइम्स♦

**बेंगलूरू।** चामराजपेट स्थित श्री महावीरस्वामी वर्षितप चैरिटेबल ट्रस्ट एवं डॉ राम मनोहर लोहिया आरोग्य जीवन संस्थान हनुमान गढ के तत्वाधान में आयोजित छह दिवसीय एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर में अब तक करीब 200 से अधिक मरीजों प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ लिया है। चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ टी.के. चौधरी अपनी टीम के साथ विभिन्न रोगों के बारे में परामर्श दे रहे है। चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ टी.के चौधरी ने बताया कि शिविर में रोगी को करीब छह दिन तक एक्युप्रेशर चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा दी जाती है। जिससे उन्हें रोगों में बहुत लाभ होता है तथा उसके बाद रोगियों को एक्युप्रेशर चिकित्सा का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। संस्था के अध्यक्ष महावीर मेहता ने बताया कि छह दिवसीय एक्युप्रेशर शिविर का शुभारंभ दिनाँक 25 जून से शुरू हुआ जो इसका समापन 29जून को होगा। इस कार्यक्रम में महावीर श्रीश्रीमाल गजेंद्र चन्दावत, विकास पालरेचा, सन्तोष चौहान, धनपत मेहता आदि मौजूद रहे।

## 65 लाख के हेरोइन के साथ पुलिस ने युवक को दबोचा

♦भारत टाइम्स♦



**धानापुर (चंदौली)/बजरंगी प्रसाद।** मुखबीर से मिली सुचना के आधार पर धानापुर थाने की पुलिस ने मनीपट्टी नहर पुलिया के समीप से एक हेरोइन तस्कर को पकड लिया। मंगलवार की शाम साढ़े पांच बजे के करीब पुलिस को सुचना मिली की धानापुर-अवही मेन रोड पर मनीपट्टी गांव के समीप एक ब्यक्ति हेरोइन लेकर बेचने की तलाश मे खडा है। सुचना के बाद पुलिस की टीम अवहीं की ओर निकल पडी। अपनी ओर पुलिस को आता देखकर युवक भागने लगा। जिस पर पुलिस ने दौड़कर पकड लिया। पुलिस द्वारा पकडे जाने के बाद युवक से नाम व पता के साथ भागने का कारण पूछा गया तो अपना नाम शिवमूनि यादव पुत्र स्व० बिहारी यादव निवासी ग्राम भैदपुरा थाना जमानिया जनपद गाजीपुर बताया। साथ ही भागने के संबंध मे बताया कि मेरे पास हेरोइन है, जिसे मै बिहार व झारखण्ड प्रांत से खरीदकर आस-पास के जनपदो व गांवो मे बेचता हूं। तलाशी के बाद ब्यक्ति के पास से पन्नी मे पुलिस को भूरे रंग का पाउडर पाया गया। जिसका वजन 260 ग्राम रहा, 1020 रुपए नगदी भी पुलिस के हांथ लगी। गिरफ्तार ब्यक्ति के विरूद्ध पुलिस ने विधिक कार्यवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। पुलिस के मुताबिक पकडे गए हेरोइन की कीमत 65 लाख के करीब अनुमानित किया गया।

## डॉ. अल्पना बिमल समग्र नेशनल आइकन अवार्ड 2024 से सम्मानित

### समग्र विकास संस्थान द्वारा जवाहर कला केंद्र ऑडिटोरियम जयपुर में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

♦भारत टाइम्स♦




**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र ऑडिटोरियम जयपुर में रविवार शाम को समग्र विकास संस्थान द्वारा समग्र नेशनल आइकन अवार्ड 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नई दिल्ली से गौ काष्ठ अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका और ब्रिसकेड संस्थान की सचिव डॉ. अल्पना बिमल को समाज उत्थान, गौ संरक्षण, अनाथ बच्चों का पालन पोषण, शिक्षा आदि गतिविधियों को संस्थान के द्वारा उल्लेखनीय योगदान करने के लिये समग्र विकास संस्थान जयपुर द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। संस्थान की अध्यक्ष एडवोकेट दया शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. अल्पना बिमल द्वारा पिछले कई सालों से सामाजिक गतिविधियों की संस्थाओं के द्वारा अपना अमूल्य योगदान देकर आमजन में जागरूकता फैलाने का काम किया है। सामाजिक संस्थाओं से गौ रक्षा, अनाथ बच्चों के पालन पोषण और शिक्षा जैसेकई मुद्दों पर जन जागृति का काम कर रहीं है। समग्र नेशनल आइकन अवार्ड 2024 समारोह में सम्मानित होने पर डॉ. अल्पना बिमल को देश भर से बधाई संदेश प्राप्त हो रहे हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय हैं कि डॉ. अल्पना बिमल द्वारा कई सामाजिक मुद्दों, पर्यावरण संरक्षण, अनाथ बच्चों शिक्षा और उनके अधिकारों को लेकर जन जागरूकता का कार्य कर रही है। इन सराहनीय कार्य के लिए कई संस्थाओं द्वारा पूर्व में भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर संस्थान टीम हेड अमित कुमार चेचानी ने जानकारी में बताया कि इस सम्मान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से अलग अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 51 विभूतियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद राय टांक, अध्यक्ष, श्रीयादे माटी कला बोर्ड, राज्य मंत्री (राजस्थान सरकार) विधायक गोपाल शर्मा, और विशिष्ट अतिथि स्वामी सौरभ राघवेंद्राचार्य महाराज, साध्वी पीतांभरा दीदी, श्रीश्रीश्री महर्षि संदीपानी राम महाराज, पुष्पा माई महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा राजस्थान, डॉ. मोनिका आर करल द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया।

# वायु प्रदूषण से होती लाखों मौतों के लिये कौन जिम्मेदार ?

कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का जहर अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान ह्यहेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूटह्न की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

> जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है।

जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दशार्ता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके। प्रदूषण के नाम पर भी कोरी राजनीति का होना दुर्भाग्यपूर्ण है।




दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहना चिन्ता में डालता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने एवं बढ़ता धूम्रपान जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है। हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर ह्यबेहद खराबह्न की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है? इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेलते हैं। इसका पता तब ज्यादा चलता है जब वैश्विक पर्यावरण संस्थान अपने वायु प्रदूषण सूचकांक में शहरों की स्थिति को बताते हैं। पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं। जाहिर है, हम वायु प्रदूषण के दिनोंदिन गहराते संकट से निपट पाने में तो कामयाब हो नहीं पा रहे, बल्कि जानते-बूझते ऐसे काम करने में जरा नहीं हिचकिचा रहे जो हवा को जहरीला बना रहे हैं।

चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन-प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। मुश्किल यह है कि वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से जमीन से उठने वाली धूल, पराली की धुंध और वाहनों से निकलने वाले धुएं के छंटने की गुंजाइश नहीं बन पाती है। नतीजन, वायु में सूक्ष्म जहरीले तत्व घुलने लगते हैं और प्रदूषण के गहराने की दृष्टि से इसे खतरनाक माना जाता है। हमारा राष्ट्र एवं दिल्ली सहित अन्य राज्यों की सरकारें नैतिक, आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक एवं व्यक्तिगत सभी क्षेत्रों में मनोबल के दिवालिएपन के कगार पर खड़ी है। और हमारा नेतृत्व गौरवशाली परम्परा, विकास और हर प्रदूषण खतरों से मुकाबला करने के लिए तैयार है, का नारा देकर अपनी नेकनीयत का बखान करते रहते हैं। पर उनकी नेकनीयती की वास्तविकता किसी से भी छिपी नहीं है, देश में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट के आंकड़े इस वास्तविकता को उजागर करते हुए प्रदूषण की समस्या का कोई दीर्घकालिक और ठोस हल निकालने के लिये चेता रहे हैं।

# उपाध्यक्ष पद के लेकर शुरू हुई सियासी रस्साकशी, लोकसभा अध्यक्ष को लेकर NDA और INDIA गठबंधन आमने-सामने

पिछली लोकसभा में निचले सदन के अध्यक्ष रहे भाजपा सांसद ओम बिरला ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। कांग्रेस सांसद के सुरेश विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए एनडीए और इंडिया गठबंधन आमने-सामने हैं। अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरूआत और नए सांसदों के शपथ ग्रहण के बाद सबसे महत्त्वपूर्ण काम लोकसभा अध्यक्ष पद पर नियुक्ति होगी। हालांकि इस बार इस पर जिस तरह की खींचतान चल रही है, वह अप्रत्याशित है, फिर भी नई लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के संख्या बल से बने समीकरण को देखते हुए इसे स्वाभाविक कहा जा सकता है। फिलहाल राष्ट्रपति ने भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस क्रम में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सहमति नहीं बन पाने की वजह से इस बार अब इसके लिए चुनाव कराने की नौबत आ गई है। अब स्थिति यह है कि पिछली लोकसभा में निचले सदन के अध्यक्ष रहे भाजपा सांसद ओम बिरला ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। कांग्रेस सांसद के सुरेश विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की नौबत आने के पीछे मुख्य बात यह सामने आई है कि विपक्ष की ओर से लोकसभा उपाध्यक्ष पद दिए जाने की मांग उठाई गई, लेकिन सरकार ने इसे लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया। नतीजतन, लोकसभा अध्यक्ष पद पर नियुक्ति अब चुनाव के जरिए ही होगा। इस मसले पर विपक्ष का कहना था कि लोकसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को दिए जाने की परंपरा रही है और अगर सरकार इस परंपरा का पालन करती है तो पूरा विपक्ष सदन के अध्यक्ष के रूप में सरकार के उम्मीदवार का समर्थन करेगा। निचले सदन में लोकसभा अध्यक्ष का पद कई लिहाज से बेहद अहम होता है। उन्हें संतुलित और तटस्थ रुख रखते हुए सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति न्यायपूर्ण दिखना होता है, क्योंकि अध्यक्ष किसी सत्ताधारी दल या विपक्ष का नहीं होता, पूरे सदन का होता है। इसी तरह उपाध्यक्ष को भी सभी दलों के सदस्यों के प्रति समान भाव रखना होता है। ऐसे में अगर अध्यक्ष का चुनाव सभी दलों की सहमति से होता तो यह एक आदर्श स्थिति होती। मगर हालत यह है कि इस मामले में खुद सत्ताधारी गठबंधन के प्रमुख घटक तेलगु देसम पार्टी और जनता दल (एकी) के रुख ने भाजपा को चिंतित किया था। सवाल है कि आखिर किन वजहों से सरकार और विपक्ष के बीच इस मामले में एक परिपक्व सहमति नहीं बन पाई। अगर विपक्ष लोकसभा में उपाध्यक्ष पद मिलने पर अध्यक्ष के लिए समर्थन देने को तैयार था, तब सरकार इस पर सहमत क्यों नहीं हुई? सच यह है कि लोकसभा अध्यक्ष का पद बेहद महत्त्वपूर्ण होता है और कई बार बहुत नाजुक स्थितियों में उनका फैसला निर्णायक होता है। सदन में बहुमत साबित करने, दल-बदल कानून लागू करने और सदन के सदस्यों की योग्यता और अयोग्यता का फैसला लेने के मसले पर लोकसभा अध्यक्ष के रुख पर बहुत कुछ निर्भर करता है। यह छिपा नहीं है कि पिछली लोकसभा के दौरान अध्यक्ष के रवैये को लेकर विपक्षी दलों के बीच खासा असंतोष देखा गया। जबकि यह पद लोकसभा को संचालित करने के लिहाज से जितना महत्त्वपूर्ण होता है, उतना ही जरूरी यह है कि अध्यक्ष पर सदन के सभी जनप्रतिनिधियों का यह विश्वास हो कि किसी भी स्थिति में वे पक्षपात और पूर्वाग्रह के बिना सबके प्रति न्यायपूर्ण रुख अपनाएंगे। इसे सुनिश्चित करना सरकार की भी जिम्मेदारी होती है। अगर लोकसभा में जरूरी मुद्दों पर सभी संबंधित सदस्य अपनी उपस्थिति दर्ज कर पाते हैं तो इससे लोकतंत्र की खूबसूरती ही बढ़ेगी।




# संपादकीय

## ED के बाद CBI ने कैसे केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया?

सीबीआई के पास दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने का ऑप्शन हमेशा से ही मौजूद था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट के जमानत देने से पहले सीबीआई ने बुधवार को इसी मामले में हिरासत में ले लिया। राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज अमिताभ रावत ने सीबीआई को सीएम केजरीवाल को औपचारिक तौर पर अरेस्ट करने की इजाजत दे दी। प्रवर्तन निदेशाल यानी ईडी कथित शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। वहीं, सीबीआई मामले में भ्रष्टाचार और रिश्वत की जांच करेगी। ईडी ने मार्च के महीने में केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में अरेस्ट किया था। केजरीवाल के खिलाफ पैसों का लेनदेन और उसका इस्तेमाल ही आरोप था। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 3 में पैसों को छिपाना, किसी संपत्ति पर कब्जा करना और उनका इस्तेमाल करना क्राइम में आता है। सीबीआई ने 2022 में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया, लेकिन इसमें सीएम अरविंद केजरीवाल को आरोपी नहीं बनाया गया। दरअसल, इस मार्च में जब ईडी ने केजरीवाल को हिरासत में लिया था, तब एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दिल्ली के कोर्ट से कहा था कि पीएमएलए के तहत आरोपी होने के लिए किसी को पहले से तय अपराध में आरोपी होने की जरूरत नहीं है। अप्रैल के महीने में सीबीआई ने केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन उनके वकीलों ने कोर्ट में तर्क दिया कि यह पूछताछ गवाह के तौर पर की गई थी, आरोपी के तौर पर नहीं। केजरीवाल को अब तक भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी नहीं बनाया गया है। पूरा तंत्र इस कोशिश में है कि बंदा जेल से बाहर ना आ जाए, CM अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बोलीं पत्नी सुनीता केजरीवाल को अब क्यों गिरफ्तार किया गया? सीबीआई के पास अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने का ऑप्शन हमेशा से ही मौजूद था, लेकिन पहले उसे केजरीवाल को कथित घोटाले से सीधे तौर पर जोड़ने वाले कुछ ठोस सबूत इकट्ठा करने होंगे। ईडी के मामले में भी यह सीधा संबंध अभी संदिग्ध है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक दोनों को सीधे तौर पर फंड से जोड़ने के लिए सबूत जुटाने होंगे। इसके अलावा पीएमएलए के तहत जमानत देने का नियम भी काफी सख्त है। इसलिए ईडी मामले में आरोपी को लंबे समय तक हिरासत में रखने की इजाजत मिलती है। भ्रष्टाचार के मामले में कोर्ट कैसे देता है जमानत? भ्रष्टाचार के मामले में कोई भी आरोपी अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दे सकता है। गैर-जमानती अपराधों में जमानत देना न्यायिक विवेक के अंदर आता है। पीएमएलए के उलट पीसी अधिनियम में जमानत के लिए नियम उतने ज्यादा सख्त नहीं है। पीसी एक्ट के अनुसार कोई भी आरोपी रेगुलर बेल के लिए कोर्ट का रुख करता है। हालांकि, 2014 में इसमें संशोधन भी किया गया था। इसके बाद कहा गया कि पीसी एक्ट के तहत किसी भी आरोपी को तब तक जमानत पर रिहा नहीं किया जाएगा जब तक कि सरकारी वकील को जमानत अर्जी का विरोध करने का मौका न दिया जाए। 2019 में आईएनएक्स मीडिया मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम को जमानत देते हुए पीसी एक्ट में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरोप की प्रकृति और दोषसिद्धि के मामले में सजा की गंभीरता, सबूतों के साथ छेड़छाड़ की आशंका या शिकायतकर्ता और गवाहों को धमकी की आशंका अभियुक्त के फरार होने की संभावना को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

## आस्था...

### 12 साल बाद नजदीक आएंगे मित्र ग्रह मंगल और गुरु, इन राशियों को मिलेगा अपार पैसा और पद- प्रतिष्ठा

वैदिक ज्योतिष अनुसार मंगल और गुरु की युति वृष राशि में बनने जा रही है। जिससे कुछ राशियों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं... ज्योतिष शास्त्र में मंगल ग्रह को साहस, पराक्रम, भूमि और वीरता का कारक माना जाता है। तो वहीं गुरु ग्रह को समृद्धि, धन, ऐश्वर्य, आध्यात्म और ज्ञान का कारक माना जाता है। इसलिए जब भी इन दोनों ग्रहों की युति बनती है, तो इन सेक्टरों पर विशेष प्रभाव पड़ता है। आपको बता दें कि 12 साल बाद गुरु बृहस्पति ने वृष राशि में गोचर कर लिया है और वहीं जून में मंगल ग्रह वृष राशि में गोचर करने जा रहे हैं। ऐसे में जून में इन दोनों ग्रहों की युति बनने जा रही है। जिससे कुछ राशियों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। साथ ही धन- दौलत में बढ़ोतरी हो सकती है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं जुलाई में 4 ग्रहों की चाल में होगा बदलाव, इन राशियों की चमकेगी किस्मत, नई नौकरी के साथ होगा अपार धनलाभ मेष राशि आप लोगों के लिए गुरु और मंगल की युति लाभकारी साबित हो सकती है। क्योंकि यह युति आपकी राशि से धन और वाणी भाव पर बनने जा रही है। इसलिए इस दौरान आपको समय-समय पर आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। वहीं आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। वहीं व्यापार और नौकरी दोनों में लाभ के अवसर मिलेंगे। साथ ही आप आय के नए स्रोत प्राप्त करेंगे और पैसे बचाने में सफल रहेंगे। इसलिए आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। 1 साल बाद सूर्य देव करेंगे अपनी स्वराशि सिंह में प्रवेश, इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम, हर क्षेत्र में मिलेगी सफलता कर्क राशि गुरु और मंगल की युति बनने से कर्क राशि के जातकों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। क्योंकि यह संयोग आपकी राशि से इनकम और लाभ स्थान पर बनने जा रही है। इसलिए इस दौरान आपकी इनकम में जबरदस्त बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही आय के नए स्त्रोत बन सकते हैं। वहीं वैवाहिक जीवन की बात करें तो जीवनसाथी के साथ रिश्ते को मजबूत करने में कामयाब होंगे। साथ ही इस समय आपको संतान से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिल सकता है। वहीं इस समय निवेश में आपको लाभ होगा। वहीं इस अवधि में आपको विदेश जाने का मौका मिलेगा और अटके धन की भी प्राप्ति होगी।

## आज का राशिफल

**मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**
मेष: युगलों के बीच की गलतफहमियां अपने आप दूर होकर शांतिपूर्ण संबध लौटेंगे। आपके लिए लंबी यात्रा के योग हो सकते हैं। इस यात्रा से आपको कुछ समय के लिए अपने परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। नए उपक्रम की योजना बना रहे व्यापारियों को चाहिए कि आज काम का शुभारंभ अवश्य करें और इस दिशा में फैसले की ओर कदम उठाये। जमीन-जायदाद के जुड़े कारोबारियों के लिए आज दिन अनुकूल रहेगा। आज काम की बहुत व्यस्तता रहेगी। समझदारी पूर्ण व्यवहार से शिक्षक विद्यार्थियों की समस्याओं का हल निकाल लेंगे।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**
वृषभ: विवाहित युगल आज अत्यधिक सामीप्य का अनुभव करेंगे और प्रेम और सद्भावनापूर्ण संबंधों का आनंद लेंगे खोजकताओं का एक समूह आपको उनकी यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर सकता है। यह आपके लिए किसी सपने के पुरे होने जैसा होगा। आप हमेशा से ही पर्यटन के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक रहे है। खाद्य सामग्री के व्यवसाय में रत उद्योजक आज परियोजना की शुरूआत कर लें या किसी नए संस्थान का अधिग्रहण कर लें, इससे बाजार में उनकी प्रतिष्ठा बहुत बढ़ेगी। जमीन-जायदाद से जुड़े व्यवसायी आज आराम कर सकते हैं।

**मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**
मिथुन: अविवाहित व्यक्तियों को चाहिए कि अपने मित्रों को पार्टियों और समारोहों में हिस्सा लें, जिससे संभावित प्रेमी से भेंट हो सके। अगर परिवार के साथ बाहर सैर सपाटे पर जाने की योजना बना रहे हैं तो आज दिन अच्छा है। स्वास्थ्य सेवाकर्मी और डॉक्टर आज अपने व्यवसाय के चरम शिखर पर होंगे। राजनेताओं को आज पार्टी सदस्यों के आवश्यक और जरुरी समस्याओं के समाधान के लिए बुलावा आ सकता है। आज आप अच्छी सेहत का मजा लेंगे। अगर परिवार के साथ बाहर सैर सपाटे पर जाने की योजना बना रहे हैं तो आज दिन अच्छा है।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**
कर्क: आज कामकाज के संबंध में किसी से भेट हो सकती है जिससे मिलकर आप उसकी ओर आकर्षित हो सकते हैं। परिवार के वयस्क आज बहुत ऊजार्वान महसूस करेंगे। वे दूसरे सदस्यों के साथ भी मिलजुल कर आनंद मग्न रहेंगे। घर में छोटी-मोटी समस्याएं हो सकती हैं जिसके कारण आपको पहले से तय कोई सैर या घुमने जाने की योजना रद्द करनी पड़ सकती हैं। बेरोजगार आज कुछ नए लोगों से मिलेंगे जो उनकी नियुक्ति में बहुत मददगार साबित हो सकते हैं। परिवार के वयस्क आज बहुत ऊजार्वान महसूस करेंगे।

**सिहं: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**
सिंह: वयस्कों के अनुभव और मार्गदर्शन से घर के सभी सदस्यों को लाभ होगा। बच्चों को अपने बुजुर्गों से व्यवहार करते समय मयार्दा में रहना चाहिए। उनका बचपना वयस्कों को दुखी कर सकता है। विद्यार्थियों के लिए अच्छा दिन है। वे बौद्धिक विषयों पर दोस्तों के साथ पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। जो लोग एक समूह में पढ़ते हैं, उन्हें बहुत फायदा होगा। बच्चों को बाहर सैर के लिए ले जाते समय शिक्षकों को सावधान रहने होगा। छुटपुट दुर्घटनाएं हो सकती हैं। वे सदैव इसके लिए तैयार रहें। विद्यार्थियों के लिए अच्छा दिन है।

**कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**
कन्या:अविवाहितों के पालक उनके लिए योग्य सम्बंध के लिए प्रयत्न करेंगे। कोई अप्रत्याशित व्यावसायिक यात्रा आपके कार्यक्रम को उथल पुथल कर सकती है। लेकिन इस यात्रा के परिणाम आपके लिए फायदेमंद होंगे। अपने मकान निर्माण की योजना बना रहे लोगों के लिए आज शुभ दिन होगा। शेयर बाजार के मधास्था और प्रतिस्पर्धियों को आज अत्यधिक उतार चढाव के प्रति जागरूक रहना होगा। विशेष कर तब जब वे किसी ग्राहक की रकम का निवेश कर रहे हों। राजनेता आम जनता और पार्टी के अन्य वरिष्ठ सदस्यों के बीच बहुत लोकप्रिय होंगे।

**तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**
तुला: आज किसी प्रियजन के बारे में दुखद समाचार सुनने मिल सकता हैं, आपकी उपस्थिति और सहायता से उन्हें बहुत सांत्वना मिलेगी यदि आप अविवाहित है तो आज किसी भी नए व्यक्ति से मिलते समय सावधान रहें। धन रखें की हर चमकती सोना नहीं होती। आज आप अपनी यात्रा के दौरान किसी अविस्मरणीय व्यक्ति से मिल सकते हैं। अच्छे और नए काम की तलाश कर रहे डॉक्टरों को आज उच्चादिकारियों की ओर से सुरक्षित सेवा के लिए बुलाया जा सकता है। शेयर बाजार के निवेशकों को उनकी तर्क शक्ति से बहुत मदद मिलेगी।

**वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**
वृश्चिक: एकाकी जन आज किसी से मिलेंगे जो उनके जीवन में नए सकारात्मक बदलाव लाएगा। छात्रों के लिए आज अनुकूल दिन नहीं हैं। वे अपने दोस्तों के साथ बहस कर समय बर्बाद कर सकते हैं। आज खिलाड़ियों को अपने-अपने क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए पुरस्कार मिलने की संभावना बताई जाती है। उन्हें आज जीवनगौरव पुरस्कार भी मिल सकता है। कलात्मक अभिरुचि के लोगों के लिए आज का दिन बहुत उच्च-नीच और उद्विग्नता का हो सकता है।


**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**
धनु: आज आप अपने पुराने रिश्ते को सुधारने की दिशा में कदम उठाएंगे। ठंडी हवा और शीत पेय आदि से प्रभावित होने वाले बच्चों को इन चीजों से दूर रखें। मौसम के कारण उनका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। जो लोग काम की तलाश में हैं उन्हें संकोच और शर्म छोड़ कर निशंक होकर दूसरों से मदत और सलाह लेनी चाहिए। न्यायिक व्यवसाय से जुड़े लोग आज अपने आसपास बहुत से परिवर्तन देखेंगे। अपितु, उनके कामों के सन्दर्भ में कोई खास बदलाव नहीं होगा। अपने कार्य के सन्दर्भ में मिलने वाले मत के लिए शिक्षकों को मानसिक परिपक्वता का परिचय देकर शालीनता का प्रदर्शन करना होगा।

**मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**
मकर: उत्सव के माहौल के रूप में परिवारों के लिए एक अच्छा दिन आता है और बहुत खुशीयां लाता है। शिक्षक और विद्यार्थी जो शैक्षणिक यात्रा पर जा रहे हों, उन्हें बहुत सजग रहने की आवश्यकता है। छोटी मोटी दुर्घटनाओं की संभावना है। जंगल, नदी, पहाड़ों से गुजरते समय सावधान रहें। आपकी व्यावसायिक नीतियाँ, कुशलता और योग्यता आपको व्यवसाय क्षेत्र में ख्याति दिलाएगी। आज स्थावर संपत्ति के कारोबार से जुड़े लोगों के लीये अपनी कठिनाइयों पर विजय पाने और अपने कार्यक्षेत्र में अग्रेसर रहने का दिन होगा।

**कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**
कुंभ: अविवाहितों को किसी अनापेक्षित मार्ग से आज विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। बाहर मनोरंजन हेतु जाने का कार्यक्रम किसी अनापेक्षित कारण से स्थगित करना पड़ेगा, जिससे सभी को निराशा होगी। शिक्षकों के लिए आज शिक्षा के सन्दर्भ में चुनौती भरा दिन होगा। विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान से उनके अध्यापन कौशल्य की परीक्षा होगी। खिलाड़ी आज बहुत गतिशील रहेंगे। किसी भी दुस्साहसपूर्ण काम के लिए स्वयं को स्फूर्त और उत्साहित महसूस करेंगे। नए कलातंत्र और नयी कल्पनाओं पर परिक्षण कर रहे कलाकारों को लगेगा जैसे वे शुन्य में हैं।

**मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**
मीन: अविवाहित जन आज किसी आकर्षक व्यक्ति से मिल सकते हैं, पर उन्हें सलाह है कि कोई भी प्रतिबद्धता या समर्पण व्यक्त करने से पहले अच्छी तरह सोच समझ लें। आज बाजार का उतार चढ़ाव निवेशकों को अनापेक्षित मुनाफा दिलाएगा। वे वास्तव में बहुत बड़ा लाभ पा सकते हैं यदि सोच समझ कर निवेश करें। व्यवहार-कुशल राजनेता आज अपने कार्यक्षेत्र में उभर कर आयेंगे। वे अपने कामकाज को आगे बढ़ाकर अपनी पार्टी में ऊंचा मुकाम हासिल करेंगे। आज बाजार का उतार चढ़ाव निवेशकों को अनापेक्षित मुनाफा दिलाएगा। वे वास्तव में बहुत बड़ा लाभ पा सकते हैं।




आदरणीय हृदय सम्राट, हर दिल अजीज
हंसमुख स्वभाव के धनी

# सेठजी मुकेश नाथजी

## को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं

# शुभकामनाएं

साँवरिया सेठ जी का आशीर्वाद सदा आप पर बना रहे ओर आप जीवन मे खूब उन्नति करो ऐसी हमारी पार्थना है।























कैलाश गुर्जर, भारत टाइम्स न्यूज रिपोर्टर ब्यावर जिला

# जानकारी छुपा कर कर रहा जेल प्रहरी सरकारी नौकरी

♦भारत टाइम्स♦

**उज्जैन महिदपुर/ जगदीश परमार।** सरकार ने 26 जनवरी 2001 में बढ़ती हुई जनसंख्या पर नियंत्रण रखने के लिए एक नियम बनाया शासकीय नौकरी करने वाला कोई भी व्यक्ति दो संतान से अधिक न करेगा यदि दो संतान से अधिक संतान होगा उस व्यक्ति को शासकीय सेवा का कोई लाभ नहीं मिलेगा, लेकिन उज्जैन महिदपुर उपजेल में पदस्थ जेल प्रहरी माखन मालाकार जब नौकरी पर लगने के पहले सरकार जानकारी परिवार को लेकर मांगती हैं, उसके बाद जानकारी के आधार पर देखा जाता है शासकीय नौकरी का लाभ दिया जाएगा या नहीं, जेल प्रहरी माखन मालाकार द्वारा सरकारी नियम के अंतर्गत जो जानकारी देना चाहिए पूर्ण



जानकारी न देते हुए जानकारी छुपा कर शासकीय सेवा का लाभ ले रहा है जो जानकारी जेल प्रहरी के द्वारा दी गई उसमें दो संतानों का उल्लेख किया गया जबकि जेल प्रहरी की तीन बालिका वर्तमान में है और जब जानकारी नियम के अनुसार नहीं दी गई और शासकीय सेवा का लाभ लिया जा रहा है तो धोखाधड़ी का मामला बनता है इस जानकारी लगते ही जेल प्रहरी की शिकायत कई विभागों में लिखित कर दी गई है अभी वर्तमान में जेल प्रहरी की तीनों बालिकाएं महिदपुर पब्लिक स्कूल में अध्यनरत है, जानकारी लगते ही मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जेल मुख्यालय जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत कर दी गई है और कार्रवाई की मांग की गई है, नियम के विरुद्ध जानकारी देने पर धोखाधड़ी के अलावा अन्य धारों में प्रकरण की मांग भी की है महिदपुर उपजेल मैं पदस्थ जेल प्रहरी माखन मालाकार जेल में बंद बंदियों से अवैध उगाई भी करने में प्रथम नंबर पर हैं जब कोई बंदियों के परिवारजन मुलाकात पर आते हैं तब उनसे रूपों की मांग भी करता है मुलाकात कक्ष के पास एक डिब्बा लगा रखा है ताकि किसी प्रकार का लोकायुक्त विभाग उसे डिब्बे तक पहुंच नहीं पाए सभी लोगों से उस डिब्बे में पैसे डालने को बोलता है और यदि कोई परिवार पैसा देने में और सक्षम है उस दौरान जेल में बंद बंदी को प्रताड़ना देता है अब कई वर्षों से एक ही स्थान पर कैसे नौकरी कर रहा समझ से परे हैं, गलत जानकारी देकर शासकीय सेवा का लाभ लेने वाले जेल प्रहरी की शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित कई विभागों में कर दी गई है।

# भरत भाई ने ग्रहण किया तिविहार संथारा

- निखिशीलाजी म.सा. ने साधक सह संघ परिजन की सहमति से करवाये प्रत्याख्यान

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** थांदला जिन शासन में हर उपासक का अंतिम मनोरथ न जीवन से प्यार न मरने से भय रूप पंडित मरण का होता है। जिन आगम में अंतिम मनोरथ रूप पंडित मरण (संथारा) का परम सुख रूप फल बताया गया है जिसे पाने अनेक आत्म साधक पूरे जीवन भर अंतिम मनोरथ सिद्ध करने साधना आराधना व तपस्या करते रहते है। थांदला नगर का परम सौभाग्य है कि यहाँ जिन शासन गौरव जैनाचार्य पूज्य श्री उमेशमुनिजी म.सा. की कृपा पात्र एवं



बुद्ध पुत्र पूज्य श्री जिनेन्द्रमुनिजी म.सा. के आज्ञानुवर्ती महासती पूज्या श्री निखिलशिलाजी म. सा. दीर्घकाल से यहाँ माताजी म.सा. की सेवा में विराजित है जिसका लाभ सकल संघ को मिल रहा है। आज उन्ही के मुखारबिंद सें संथारा साधक धर्मनिष्ठ सुश्रावक श्री भरत भाई खिवेसरा (लिमड़ी वाले) को निरंतर छठे उपवास में तिविहार संथारे के प्रत्याख्यान करवा दिए गए अब से वे केवल दिन में ही गर्म जल अथवा राख युक्त धोवन पानी का ही सेवन करेंगें श्री भरत भाई लंबे समय से संत विहार सेवा में जाते रहे है ऐसे में उनके मन में उमड़ते धर्म संस्कार व गुरु का आशीर्वाद का प्रतिफल ही कहा जा सकता है कि उनके अंतिम समय में पंच महाव्रतधारी चारित्र आत्मा के द्वारा संथारा ग्रहण करने को मिला वही थांदला सकल जैन संघ उनके सरदार पटेल मार्ग पर व्यवसायी मणिलाल नागर के घर के सामने उनके बड़े भाई अभय खिवेसरा के यहां जाकर उनके दर्शन लाभ लेते हुए उन्हें नवकार महामंत्र, मांगलिक, स्तवन भजन आदि सुना कर आराधना में सहयोग कर रहे है। संघ अध्यक्ष भरत भंसाली ने भी उनके अंतिम मनोरथ सिद्ध होने की मंगल भावना के साथ सकल संघ से उन्हें धर्म सहयोग देने की अपील की है।

# राहत जयपुर से दिल्ली का न्यूनतम किराया 1281 रुपए, ट्रेन के फर्स्ट एसी कोच की बजाय फ्लाइट में मुंबई जाना भी सस्ता

## सस्ता सफर ट्रेन के बजाए हवाई जहाज से जाओ दिल्ली-मुंबई

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी झाबुआ।** आप घूमने का प्लान बना रहे है और ट्रेनों में लंबी वेटिंग सूची मिल रही है तो घबराएं नहीं। फौरन हवाई टिकट बुक कीजिए। इन दिनों कई एयरलाइन कंपनियों ने लो-फेयर लागू कर प्रमुख रूट्स पर किराया घटा दिया है तो कुछ रूट्स पर किराया कुछ दिनों तक निर्धारित भी कर दिया है। जिससे सस्ती दरों पर हवाई टिकट उपलब्ध हो पा रहे हैं। ट्रेन के एसी कोच और हवाई जहाज के किराए में ज्यादा अंतर नहीं है। जयपुर-दिल्ली का वंदे भारत ट्रेन के एक्जीक्यूटिव कोच का प्रति यात्री टिकट 1640 रुपए का है। इसी तरह अजमेर-नई दिल्ली शताब्दी ट्रेन में भी इस श्रेणी के कोच में सफर करने के लिए 1590 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। जबकि अलायंस एयरलाइन्स महज 1,281 रुपए में जयपुर से दिल्ली का हवाई सफर करवा रही है। प्लेन का सफर हुआ सस्ता.. दूसरी एयरलाइंस ने भी किराए में 15 फीसदी तक कमी की है। जयपुर-बठिण्डा एक्सप्रेस ट्रेन से फर्स्ट एसी कोच में जयपुर से मुंबई जाने पर 3840 रुपए तो जयपुर- मुंबई सुपरफास्ट ट्रेन में इस कोच का किराया 3545 रुपए है। जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस से जयपुर से मुंबई का टिकट महज 3328 रुपए में ही बुक हो रहा है। इन दिनों ऐसा कई रूट्स पर देखा जा रहा है। फ्लाइट -- ट्रेन फर्स्ट एसी दिल्ली प्लेन 1,281-2,066 रु., (वंदेभारत) 1,640 रु. मुंबई प्लेन 3,328-3,586 रु.,(वंदेभारत) 3,545-3,840 रु. तक चंडीगढ़ प्लेन 3,698-7,668 रु,. (वंदेभारत) 2,810 रु. अहमदाबाद प्लेन,3,518-3,649 रु, (राजधानी) 2,850 रु. चेन्नई प्लेन,5,245-7,359 रु,. (जयपुर-चेन्नई एक्स.) 5,285 रु., कोलकाता प्लेन,5,923-6,423 रु,(हावड़ा सुपरफास्ट) 4,185 रु. पुणे प्लेन, 4,350-4,898 रु., (जयपुर-पुणे एक्स.) 3,820 रु., शताब्दी-वंदे भारत ट्रेन से सस्ता जयपुर से दिल्ली का हवाई सफर (किराया एक जुलाई तक न्यूनतम से अधिकतम बिना किसी टैक्स या अतिरिक्त शुल्क के एयरलाइन व रेलवे सोर्स के अनुसार) किराए में 15 से 20 फीसदी तक राहत एक एयरलाइन के




प्रतिनिधि का कहना है कि इन दिनों कई शहरों के लिए हवाई किराया 15 से 20 फीसदी तक सस्ता हुआ है। देखा जाए तो किराया 15 फीसदी तक कम हुआ है, पर जिन रूट पर फ्लाइट ज्यादा हैं, वहां 20 फीसदी तक राहत मिली है। हालांकि यह राहत इस माह के अंत तक या अगले माह के पहले सप्ताह तक जारी रह सकती है। इसलिए आमजन को बड़ी राहत इन दिनों देशभर में रेलवे के कई प्रोजेक्ट अंतिम चरण में हैं। जिसके चलते आए दिन ट्रैफिक ब्लॉक किया जा रहा है। जिससे ट्रेनें रद्द, आंशिक रद्द की जा रही हैं या बदले रूट से दौड रही हैं। इसके चलते जो ट्रेनें दौड़ रही हैं, उनमें लंबी वेटिंग मिल रही है। जिन लोगों को इस तरह की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। उनके लिए लो फेयर लागू होना बड़ी राहत साबित होगा।

# पूर्वोत्तर रेलवे के कीड़िहरापुर- बेलथरारोड

## रेल खंड का सफल विद्युतीकरण निरीक्षण

♦भारत टाइम्स♦

**(शीतल निर्भीक) वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के भटनी- औंड़िहार रेल खंड के दोहरीकरण परियोजना के तहत कीड़िहरापुर-बेलथरा रोड स्टेशनों के बीच विद्युतीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री संजय सिंघल ने आज इस खंड का संरक्षा निरीक्षण किया। इस अवसर पर रेल विकास निगम लिमिटेड के मुख्य परियोजना प्रबंधक श्री एस.पी.एस यादव, वाराणसी मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) श्री रोशन लाल यादव, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण) आर एन सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) श्री पंकज केशरवानी समेत संबंधित शाखा अधिकारी, इंजीनियर, कर्मचारी और वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे। निरीक्षण की शुरूआत बेलथरारोड स्टेशन से की गई। संजय सिंघल ने यार्ड प्लान, न्यूट्रल सेक्शन, पावर सब स्टेशन, स्टेशन वर्किंग रूल, प्लेटफार्म क्लियरेंस, पॉइंट क्रासिंग, सिगनलिंग, अर्थिंग, ओवर हेड ट्रैक्शन की ऊँचाई, ब्लॉक ओवर लैप, फाउलिंग मार्क, सैंड हम्प, फीडर पावर सप्लाई वितरण प्रणाली तथा नियंत्रण फीडर आइसोलेशन आदि की संरक्षा का परिक्षण किया। सभी



कार्य मानक के अनुरूप पाए गए। इसके बाद, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर ने कीड़िहरापुर-बेलथरा रोड खंड का टावर वैगन से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सब स्वीच प्वाइंट्स (ररढ) का परीक्षण किया गया और सभी कार्य मानक के अनुरूप पाए गए। श्री सिंघल ने ब्लॉक सेक्शन ट्रैक्शन एवं ओवर हेड लाइन क्रासिंग की मानक दूरी सुनिश्चित की और समपार फाटकों पर किए गए बदलाव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सिंघल ने गोविंदपुर दुगौली हॉल्ट स्टेशन पर विद्युतीकरण के मानकों का गहन परिक्षण किया। उन्होंने ट्रैक्शन लाइन की ऊँचाई, त्वरण, और ट्रैक्शन लाइन से स्टेशन एवं सिगनलों की सुरक्षित दूरी की जाँच की। निरीक्षण के अंत में, उन्होंने कीड़िहरापुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और यार्ड प्लान, न्यूट्रल सेक्शन, पावर सब स्टेशन, स्टेशन वर्किंग रूल, प्लेटफार्म क्लियरेंस, पॉइंट क्रासिंग, सिगनलिंग, अर्थिंग, ओवर हेड ट्रैक्शन की ऊँचाई, पावर डिस्ट्रीब्यूशन और फेल सेफ कार्य प्रणाली का परिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर ने समपार फाटकों की उचित दूरी, कर्वेचर के इंडेंट, पुल पुलियाओं, बैलास्टिंग एवं पैकिंग, और हाइट गेजों का संस्थापन सुनिश्चित किया। सभी कार्य मानक के अनुरूप पाए गए। कीड़िहरापुर-बेलथरा रोड के मध्य दोहरीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद, आज 27 जून 2024 को रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वी सर्किल प्रणजीव सक्सेना मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव के साथ इस खंड का संरक्षा निरीक्षण करेंगे। इस दौरान नई दोहरीकृत लाइन पर पूरी गति से विद्युत इंजन का गति परीक्षण भी किया जाएगा। रेल प्रशासन ने इस दौरान जनता से अपील की है कि वे निरीक्षण और स्पीड ट्रायल के दौरान रेल ट्रैक से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। अपने बच्चों एवं पशुओं को रेल ट्रैक के नजदीक न जाने दें, यह खतरनाक हो सकता है। इस दौरान जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि इस परियोजना के पूरा होने से यात्री सुविधाओं में उन्नयन होगा, परिचालन की सुगमता बढ़ेगी, और गाड़ियों की गति में वृद्धि होगी। इससे यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी और रेलवे के बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

# थाना सिटी कोतवाली पुलिस की वाहन चोरों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

♦भारत टाइम्स♦

**मंदसौर/ जगदीश परमार।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के अपराधी को किया गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी को वाहन चोरी करते पकडा । आरोपी से चार मोटर मोटरसायकल कीमती 1,75,000/- रुपये की जप्त की गई । मंदसौर शहर में हो रही दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों की धर पकड़ कर उन्हें गिरफ्तार कर अभियान स्तर पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री अनुराग सुजानिया के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री गौतम सोलंकी व नगर पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री सतनाम सिंह के निर्देशन में व थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिह राठोर के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा वाहन चोरी करने वाले आरोपी से चोरी गई 04 मोटर साईकिल कीमती 1,75,000/- रुपये के मशरूका को बरामद करने



में सफलता प्राप्त की है। घटना का संक्षिप्त विवरण- फरियादी सुरेन्द्र सिंह निवासी जिला मदंसोर की, सिध्दी विनायक हास्पीटल से मोटरसाइकिल चोरी होने पर थाना कोतवाली में रिपोर्ट कि गई, रिपोर्ट पर से अपराध क्रं. 312/24 धारा 379 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर, घटना स्थलों के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक कर विश्वसनीय मुखबिर तंत्र सक्रिय किए गए, मुखबिर की सूचना पर आरोपी जाकिर हुसेन उर्फ छोटु पिता सईद हुसेन शेख मुसलमान उम्र 24 साल निवासी एंजिल सिटी प्रतापगढ को मय चोरी वाहन के साथ गिरफ़्तार किया। गिरफ्तारशुदा आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ करते आरोपी द्वारा अन्य वाहन चोरी मे भी अपनी संलिप्तता होना बताया। आरोपी जाकिर हुसेन उर्फ छोटु को प्रतापगढ पुलिया मंदसोर से चोरी गई मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया, गिरफ्तारशुदा आरोपी से अपराध में चोरी गई मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ करते आरोपी द्वारा पूर्व में थाना कोतवाली क्षेत्र से चोरी की गई मो.सा. होण्डा कंपनी की भी चोरी करना स्वीकार किया, आरोपी के कब्जे से 04 मोटरसायकल को जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया। गिरफ्तार आरोपी का नाम जाकिर हुसेन उर्फ छोटु पिता सईद हुसेन शेख मुसलमान उम्र 24 साल नि. एंजिल सिटी प्रतापगढ राजस्थान जप्त मश्रुका - 04 मोटर सायकल - 1. मोटरसायकल बजाज डिस्कवर क्रमांक टढ14टऊ5798 कीमती 25000/-रु 2. मोटरसायकल होंडा कंपनी का वाहन टढ14टव3020 कीमती 50000/-रु 3. मोटरसायकल हिरो पेशन प्रो वाहन कीमती 50000/-रु 4. मोटरसायकल हिरो पेशन प्लस वाहन कीमती 50000/-रु कुल कीमती 1,75,000/-रु सराहनीय भूमिका- थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिह राठोर, उनि विजय पुरोहित, सउनि अभिषेक पाल, सउनि लक्ष्मण खराडी, प्रआर 248 आलोक सिह, प्रआर 121 अर्जुन सिंह, प्रआर 173 हरिश यादव, आर 443 राहुल शुक्ला, आर 861 नरेन्द्र सिंह, आर 236 भानुप्रताप सिंह, आर 463 हरिश राठौर, आर 933 मनीष शर्मा, आर 823 राम पंड्या का सराहनीय योगदान रहा।

# लकश पॉजिटिव निकली लुटेरी गैंग की शातिर दुल्हन

- सात फेरों के बाद सुहागरात की दहलीज पर पांच दूल्हों को दिया धोखा

♦भारत टाइम्स♦

**(शीतल निर्भीक) लखनऊ।** कलयुग की इस दौर में भी शादी जो जीवन का सबसे पवित्र बंधन माना जाता है, का दुरुपयोग करते हुए एक महिला ने धोखे का ऐसा जाल बिछाया कि लोग हैरान रह गए। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में एक लुटेरी दुल्हन का मामला सामने आया है जिसने पांच दूल्हों के साथ सुहागरात मनाने के बाद उन्हें ऐसा गिफ्ट दिया कि पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। *कविन्द्र की शिकायत*: मुजफ्फरनगर के तितावी क्षेत्र के खेड़ी दूधाधारी गांव के रहने वाले बादल के बेटे कविन्द्र ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि निक्की नाम की महिला से उसकी शादी कराई गई थी। सुहागरात के बाद निक्की नकदी



और ज्वेलरी लेकर फरार हो गई। कविन्द्र की शिकायत पर पुलिस ने दुल्हन सहित 5 महिलाओं और नन्हे इरशाद सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस की कार्रवाईः 6 मई को थाना तितावी पुलिस ने आरोपी दुल्हन और उसके साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जांच में पता चला कि आरोपी दुल्हन ने कविन्द्र से पहले भी 4 और शादियां की थीं। सुहागरात के बाद वह जेवर और नकदी लेकर फरार हो जाती थी। HIV पॉजिटिव का खुलासा : आरोपी दुल्हन के जेल जाने के डेढ़ महीने बाद, मेडिकल जांच में यह खुलासा हुआ कि वह लकश पॉजिटिव है। जेल अधीक्षक द्वारा कराई गई मेडिकल जांच में यह बात सामने आई। इस खुलासे ने पीड़ित दूल्हों और उनके परिवारों में खलबली मचा दी है। सभी पीड़ित अब मेडिकल जांच कराने में जुट गए हैं। गैंग का पदार्फाश : पुलिस जांच में पता चला कि लुटेरी दुल्हन के इस कार्य में उसके साथ कई महिलाएं और पुरुष भी शामिल थे। यह गैंग झूठ बोलकर युवकों को फंसाते थे और शादी का नाटक रचाते थे। सुहागरात के बाद लुटेरी दुल्हन जेवर लेकर फरार हो जाती थी। पांच शादियों का मामला*: पुलिस जांच में सामने आया कि महिला अब तक पांच शादियां कर चुकी है।

हर बार वह सुहागरात के बाद घर से नकदी और जेवर लेकर गायब हो जाती थी। इस मामले के खुलासे के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया है। न्याय की प्रतीक्षा*: पीड़ित दूल्हों का कहना है कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उनके साथ ऐसा होगा। अब वे न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि आरोपी को सख्त सजा मिलेगी। पुलिस इस मामले में और गहन जांच कर रही है ताकि ऐसे और मामलों का खुलासा हो सके। इस घटना ने समाज में रिश्तों की पवित्रता और विश्वास को झकझोर कर रख दिया है। लोग अब शादियों में अधिक सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं।

# रिद्धिमा ने घाट संध्या के मंच पर अपनी मधुर आवाज से सभी श्रोताओं का मन मोह लिया




♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** बुधवार को वाराणसी के अस्सी घाट पर आयोजित घाट संध्या में शिल्पायन द म्यूज़िक हब की शिष्या बनारस की उभरती हुई बाल कलाकर सुश्री रिद्धिमा गुप्ता ने मधुर प्रस्तुति की।रिद्धिमा ने राग शंकरा में शंकर महादेव देव बंदिश सुनाई उसके पश्चात कुछ भजनो व दादराओं की अद्भुत प्रस्तुति से सभी श्रोताओं का दिल जीत लिया। रिद्धिमा गुप्ता के साथ तबले पर बनारस के प्रसिद्ध युवा तबला वादक कृष्ण कुमार उपाध्याय थे। जिनका तबला वादन सुन सभी श्रोताओं ने खूब सराहा तथा हारमोनियम पर प्रवीण सिंह ने अपनी निपुण संगति से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में कलाकारों को प्रमाण-पत्र संजय गुप्ता ने प्रदान किया तथा सुजीत ठाकुर ने अपने आशीर्वचन से सभी श्रोताओं व कलाकारों के साधना की प्रशंसा की और आगे बढ़ने का प्रोत्साहन दिया।इस सांस्कृतिक संध्या का आयोजन ₹सुबह-ए-बनारस₹ के सचिव एवं संस्थापक डॉ. रत्नेश वर्मा ने किया। मंच संचालन जयन्तिका दे ने किया।

### उम्र ढली बुढ़ापा चढ़ गया

*जवानी तो हमने देखा नहीं जीना
हमने सीखा नहीं,
अब जब बाल गिरने लगे हैं सर
चढ़कर बोलने लगे है,
तो लगता है कि बुढ़ापा चढ़ गया
जवानी झड़ गया,
सभी सतरंगी तेलों का इस्तेमाल किया
सतरंगी तेलों का इस्तेमाल देखिए,
जो बाल थे उनका बुरा हाल देखिए ,
पहले गिर रहे थे अब सफेद हो गए,
पहले दो-चार थे अब ढेर हो गए,
उलझन और कशमकश की रवानी देखिए,
इस उम्र की कहानी देखिऐ
सब कुछ कच्चा पक्का लगता है,
जो सच है वो कहां अच्छा लगता है,
इश्क का मुकाम हुआ करता था,
इश्क हमारे नाम हुआ करता था,
वक्त के साथ पैगाम देखिए
गजब की कहानी अनचाहा अंजाम देखिए,
गिरते हुए बाल उम्र का कमाल देखिए,
चांदी का परत चढ़ा है या सोने
जैसा बाल देखिए,
उम्र के साथ बढ़ते हुए झुरियों
वाला गाल देखिऐ
इस उम्र की क्या कहे कहानी
हाथ में है डंडा गिलास में हिलता
हुआ पानी,
अब तुम बुढ़ापा कहो या जवान
इस उम्र की यही है कहानी*
च्मीनू वर्मा



# महातपस्वी महाश्रमण के चरणों की धूल से धन्य हुई धुळे 'धुलिया' की धरा

**स्वागत जुलूस के दौरान जैन धर्म की दो धाराओं का भी मधुर मिलन**

## भव्य स्वागत जुलूस में उमड़ा जनसमुदाय, दर्शन को लालायित दिखे श्रद्धालु

- विद्या वार्धिनी आर्टस, कॉमर्स एण्ड साइंस कॉलेज में पधारे युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण
- योग की साधना है परम कल्याणकारी : महायोगी महाश्रमण
- धुलियावासियों ने दी अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति, प्राप्त किया पावन आशीर्वाद





♦भारत टाइम्स♦

**धुळे (महाराष्ट्र)।** जन-जन का कल्याण करने के लिए पृथ्वी की परिधि से सवा गुना से अधिक किलोमीटर की पदयात्रा करने वाले, जन-जन को सद्भावना, नैतिकता व नशामुक्ति का संदेश प्रदान करने वाले, जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के वर्तमान अधिशास्ता, युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुपावन चरणों की धूल धुळे (धुलिया) की धरती पर पड़े तो यह धरा मानों धन्य हो गई। जन-जन का कल्याण करने वाले शांतिदूत के स्वागत में धुलिया में जन-जन उमड़ आया था। भव्य स्वागत जुलूस में न केवल तेरापंथी अथवा अन्य जैन समाज के लोग, अपितु अन्य जैनेतर समाज के लोग भी सोत्साह उपस्थित थे। सद्भावना की इस बहती बयार के मध्य आचार्यश्री की अगवानी को मूर्तिपूजक आम्नाय के आचार्य पद्मभूषण श्रीमद् विजयरत्नसूरीश्वरजी भी उपस्थित हुए। जैन शासन के दो धाराओं का मधुर मिलन सभी को प्रसन्नता की अनुभूति करा रहा था। बुलंद जयघोष से गूंजता वातावरण महाश्रमणमय बन रहा था। सभी पर अपने दोनों करकमलों से आशीषवृष्टि करते हुए स्वागत जुलूस के साथ युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी धुलिया में स्थित विद्या वर्धिनी आर्टस, कॉमर्स एण्ड साइन्स कॉलेज में पधारे। जहां इस महाविद्यालय के चेयरमेन सहित अन्य लोगों ने आचार्यश्री का भावभीना अभिनंदन किया। इसके पूर्व बुधवार को प्रातःकाल की मंगल बेला में मानवता के मसीहा महाश्रमणजी ने फागणे से मंगल प्रस्थान किया। धुळे के उत्साही श्रद्धालु फागणे से ही अपने आराध्य के चरणों का अनुगमन करने लगे। जैसे-जैसे आचार्यश्री धुळे के निकट होते जा रहे थे, श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती जा रही थी। धुळेवासियों की बीस वर्षों से अधिक की प्रतीक्षा मानों आज फलीभूत होने जा रही थी। राष्ट्रसंत आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन पदरज धुळे जिला मुख्यालय पर पड़े तो समूचा वातावरण जयघोषण से गुंजायमान हो उठा। विद्या वर्धिनी महाविद्यालय परिसर में बने महाश्रमण समवसरण में उपस्थित जनता को युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी ने पावन पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि तीन शब्द बताए गए हैं- भोग, रोग और योग। अध्यात्म और धर्म की सम्पूर्ण साधना योग कहलाती है। अष्टांग योग की बात बताई गई है। यम नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याख्यान, ध्यान आदि के साथ सम्यक ज्ञान, दर्शन व चारित्र की आराधना भी योग है। मानव जीवन में योग की साधना परम कल्याणकारी होती है। अध्यात्म की जो उत्कृष्ट साधना मानव जीवन में हो सकती है, वह किसी अन्य जीवन में नहीं हो सकती। इसलिए सौभाग्य से प्राप्त इस मानव जीवन का लाभ उठाने का प्रयास करना चाहिए। आदमी भोग में ही रत रहे तो शरीर रोगग्रस्त भी हो सकता है। कभी पूर्व कर्मो के परिणाम स्वरूप भी रोग हो सकते हैं। भोगी आत्मा संसार में भ्रमण करती रहती है और योगी इस संसार से मुक्त हो सकता है। इसलिए आदमी को धर्म के मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। भोग से योग की दिशा में गति करने का प्रयास करना चाहिए। पदार्थों के उपभोग में संयम हो। आदमी अपने आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति तो कर सकता है, किन्तु इच्छाओं की पूर्ति संभव नहीं हो सकती। इसलिए आदमी भोग और रोग से बचते हुए योग की साधना के द्वारा अपने जीवन को सार्थक और सुफल बनाने का प्रयास करे। आचार्यश्री ने धुळे (धुलिया) वासियों को पावन आशीष प्रदान करते हुए कहा कि यहां की जनता में अच्छी धार्मिक चेतना बनी रहे। आचार्यश्री के मंगल प्रवचन के उपरान्त साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभाजी ने भी उपस्थित जनता को प्रतिबोधित किया। संसारपक्ष में धुलिया से संबद्ध साध्वी सुयशप्रभाजी व साध्वी सौरभयशाजी ने संयुक्त रूप से अपने आराध्य के चरणों की अभ्यर्थना की। धुलिया तेरापंथी सभा के अध्यक्ष श्री नानक तनेजा, श्री सूरजमल सूर्या, तेरापंथ महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती संगीता बैदमूथा व विद्यावर्धिनी महाविद्यालय के चेयरमेन श्री अक्षय छाजेड़ ने अपनी आस्थासिक्त अभिव्यक्ति दी। धुलिया तेरापंथ समाज ने पूज्यचरणों में लघुनाटिका को प्रस्तुति दी। दोण्डाइचा के अहिंसा इण्टरनेशल स्कूल के छात्रों ने अणुव्रत गीत का संगान किया तदुपरान्त छात्र मिहिर कुंवर व छात्रा वंशिका शर्मा ने अपनी भावाभिव्यक्ति दी। धुलिया की बेटियों ने गीत का संगान किया।

# भाखड़ा नहर में रिसाव, सैकड़ों एकड़ जमीन में भरा पानी



♦भारत टाइम्स♦

**तलवंडी साबो। अशोक कुमार।** पंजाब और हरियाणा की सीमा से गुजरने वाली भाखड़ा नहर में रिसाव के कारण सैकड़ों एकड़ जमीन में पानी भर गया है और मूंग की फसल बर्बाद हो गई।घटना के तुरंत बाद नहरी विभाग और पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है और भाखड़ा नहर को बंद करने के प्रयास शुरू कर दिए गए। इस संबंध में जब नहर विभाग के एक्सियन जगमीत सिंह भाकर से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि भाखड़ा नहर के पास बोर लगा हुआ था अचानक बोर से लीकेज शुरू हो गई जो कि बढ़ती चली गई, जिससे हरियाणा की और से पंजाब की तरफ रिसाव होने लगा और पंजाब के नथेहा बऔर सुरतिया के खेतों में पानी भर गया।उन्होंने बताया कि भाखड़ा नहर में 2600 क्यूसेक पानी चल रहा है।उन्होंने बताया कि रात को जब भाखड़ा नहर बंद हुई तो नहर में पानी कम हो गया। वहीं नथेहा गांव के निवासी पूर्व डीआइजी हरिंदर सिंह चहल ने ग्रामीणों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में सहयोग देने के निर्देश दिए हैं, जिसके चलते गांव के युवा भाखड़ा नहर को बंद करने में मदद कर रहे हैं वहीं नहर विभाग का पूरा अमला भाखड़ा नहर में आए गैप को भरने में लगा रहा और किसान अपनी फसल को बर्बाद होने से बचाने के लिए उसमें से पानी निकालते रहे,किसान दीप सिंह ने बताया कि उसकी छह एकड़ आम की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है जिसके लिए उन्होंने मुआवजे की मांग की है साथ ही अन्य प्रभावित किसानों ने भी पंजाब सरकार से उनके नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग की है।
कैप्शन.नथेहा व झोरकी गांव के बीच भाखड़ा नहर में हो रहे रिसाव को बंद करते किसान व प्रशासन।

# आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को मिलेगी विकल्प चुनने की खुली छूट

## प्रदेश के किसी भी जनपद, संस्थान, व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम का विकल्प चुन सकेंगे अभ्यर्थी

### उच्च विकल्पों में मिल सकेगा प्रवेश का अवसर

*प्रवेश प्रक्रिया के दूसरे चरण में राजकीय/निजी आईटीआई में प्रथम चरण में प्रवेश लेने वाले ऐसे अभ्यर्थियों को जिन्हें अपने उच्च विकल्प के जनपद/संस्थान/व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम नहीं प्राप्त हुए, लेकिन प्रथम चरण में कुछ अभ्यर्थियों के प्रवेश न लेने के कारण उन्हें उनके उच्च विकल्पों में प्रवेश का अवसर मिल सकता है। हालांकि, ऐसे अभ्यर्थी यदि अपने विकल्प में बदलाव चाहेंगे तो सीट रिक्त होने राजकीय संस्थान में प्रवेशित अभ्यर्थी को राजकीय संस्थान में और निजी संस्थान में प्रवेशित अभ्यर्थी को निजी संस्थान में अपग्रेडेशन का अवसर प्राप्त होगा। अपग्रेडेशन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सबसे पहले ऐसे अभ्यर्थियों को अलग कर दिया जाएगा जिन्हें प्रथम चरण में कोई भी संस्थान आवंटित हुआ था।*

### पंजीकरण के बाद 4 दिन में पूर्ण होगी प्रक्रिया

*द्वितीय चरण के बाद राजकीय/निजी आईटीआई में अभ्यर्थियों के उच्चीकरण की प्रक्रिया द्वितीय चरण के अनुसार करते हुए रिक्त सीटों का विवरण तैयार कर वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा तथा अभ्यर्थियों का पुनः विकल्प प्राप्त करते हुए पंजीकरण की कार्यवाही की जाएगी। यदि कोई अभ्यर्थी नया विकल्प नहीं देना चाहता है, तो उसके प्रवेश फॉर्म में दिए गए विकल्प पर ही उसकी मेरिट के अनुसार उसे प्रथम चरण के अनुसार जनपद/संस्थान/व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम आवंटित कर दिया जाएगा। पंजीकरण के बाद चयन प्रक्रिया 4 दिनों में पूर्ण कर ली जाएगी तथा अभ्यर्थियों को प्रवेश लेने के लिए अधिकतम 5 दिनों का समय प्रदान किया जाएगा। तृतीय चरण में सीटों के आवंटन में केवल ऐसे अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा, जिन्हें प्रथम एवं द्वितीय चरण में कोई सीट आवंटित नहीं हुई है।*

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से योग्य बनाने के लिए योगी सरकार ने राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को विकल्प चुनने की खुली छूट प्रदान की है। दरअसल, 2024-25 के साथ आगामी अन्य सत्रों के लिए प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश प्रक्रिया को संशोधन के साथ निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार अब अभ्यर्थी अपनी स्वेच्छा से ग्रुप ए एवं बी राजकीय व निजी आईटीआई के वरीयता क्रम में प्रदेश के किसी भी जनपद, संस्थान एवं पाठ्यक्रम का विकल्प दे सकेंगे। पहले जो व्यवस्था थी, उसमें राजकीय आईटीआई में प्रवेश के लिए अधिकतम 3 जनपदों, 6 संस्थानों और 10 व्यवसाय का विकल्प दे सकते थे, जबकि निजी आईटीआई के लिए यह सीमा 3 जनपदों के अधिकतम 25 संस्थानों तक थी।

**वरीयता सूची के तहत आवंटित की जाएगी सीट-** शैक्षिक योग्यता की मेरिट के आधार पर सभी चार चरणों में ऑनलाइन सीटों के आवंटन की प्रक्रिया में भी संशोधन किया गया है। इसके तहत अब राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रथम चरण में किसी भी ग्रुप में सीटों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए उस ग्रुप की वरीयता सूची के क्रम में अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की जाएगी। इसमें देखा जाएगा कि अभ्यर्थी द्वारा अंकित प्रथम वरीयता के अनुसार क्या उसकी मेरिट एवं आरक्षण वर्ग के आधार पर सीट आवंटित की जा सकती है या नहीं।

### मिलेगी सीट फ्रीज और फ्लोट करने की सुविधा

प्रदेश के कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि संशोधित प्रवेश प्रक्रिया के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जो व्यवस्था निर्धारित की गई है उसके अनुसार अभ्यर्थी द्वारा स्वेच्छा से ग्रुप ए एवं बी राजकीय आईटीआई व निजी आईटीआई के वरीयता क्रम में प्रदेश के किसी भी जनपद, संस्थान, व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम का विकल्प जोड़ने की सुविधा प्राप्त होगी। इसी तरह, निजी आईटीआई में प्रथम एवं द्वितीय चरण में रिक्त सीटों के विरुद्ध जनपद, संस्थान, व्यवसाय एवं पाठ्यक्रम के उच्चीकृत विकल्प को दिए जाने के लिए फ्रीज/फ्लोट की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

# कानपुर के होटल में संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव : जांच में जुटी पुलिस

**सुनील बाजपेई। कानपुर।** आज यहां बुधवारको फजलगंज थाना क्षेत्र के सनी होटल में संदिग्ध हालत में एक कमरे में युवक का शव मिला जिससे वहां हड़कंप मच गया। इसकी सूचना पर पहुंचे डीसीपी सेंट्रल ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और परिजनों को सूचना दी। वहीं, मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल के साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आनंदपुरी निवासी गौरव अग्रवाल (40) ने दो दिन पूर्व फजलगंज के सनी होटल में कमरा नंबर 205 बुक किया था। यहां बताया गया कि सनी आज बुधवार सुबह जब अपने कमरे से नहीं निकले तो होटल संचालक को कुछ अनहोनी का अशंका हुई। इस कारण उसने कर्मचारी को कमरे में भेजा। कर्मचारी के खटखटाने के बाद भी जब कमरे के अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला तो उसने इसकी जानकारी होटल मैनेजर को दी।

# गोहन पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

♦भारत टाइम्स♦

**गोहन/जालौन।** थाना क्षेत्र के इटो चौराहे के समीप एसपी के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। मौके पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों के कागजातों अगला एवं लाइसेंस आदि की जांच की गई। मौके पर थानाध्यक्ष प्रभारी दिव्य प्रकाश तिवारी ने दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने का सुझाव दिया। 54 चालान किये गए। 68 हजार रुपए जुमार्ना लगाया गया। साथ ही कहा कि आत्मरक्षा के लिए हेलमेट जरुर पहनें। मौके पर कई पुलिस जवान उपस्थित थे। इधर टाउन थाना के समीप भी सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। मौके पर बगैर हेलमेट के बाईक चलाने वाले चालकों पर जुमार्ना



वसूला गया। साथ ही वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहन कर वाहन चलाने की चेतावनी दी। इस मौके पर एसआई विशाल शर्मा, कॉ कमल गौड़, कांस्टेबल गोविन्द सिंह, विनोद कुमार मौजूद रहे।

# अनुरक्षण कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित, रेलसेवाएं आंशिक रह/रेगुलेट रहेगी

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर।** अजमेर मण्डल के नाना-केशवगंज स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या 717 पर आरसीसी बॉक्स डालने हेतु रेल यातायात प्रभावित रहेगा। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण निम्न रेलसेवाएं प्रभावित रहेगीः- आंशिक रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से) 1. गाडी संख्या 14821, जोधपुर-साबरमती रेलसेवा जो दिनांक 28.06.24 को जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा मारवाड जं.-आबूरोड स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। 2. गाडी संख्या 14822, साबरमती-जोधपुर रेलसेवा दिनांक 28.06.24 को साबरमती से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा आबूरोड-मारवाड़ जं. स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। रेगुलेट रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से) 1.गाडी संख्या 14707, लालगढ-दादर रेलसेवा जो दिनांक 28.06.24 को लालगढ से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा मारवाड़ जं.-आबूरोड के मध्य 01 घंटे 30 मिनट रेगुलेट रहेगी।

# यात्रियों की सुविधा हेतु डिब्बो में अस्थाई बढोतरी, 17 जोड़ी रेलसेवाओं में बढाये अतिरिक्त कोच

♦भारत टाइम्स♦

**जोधपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 17 जोड़ी रेलसेवाओं में डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। **मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के अनुसारः-** 1. गाडी संख्या 22475/22476, हिसार-कोयम्बटूर-हिसार रेलसेवा में हिसार से दिनांक 03.07.24 से 31.07.24 तक तथा कोयम्बटूर से दिनांक 06.07.24 से 03.08.24 तक 01 सैकण्ड एसी श्रेणी व 01 थर्ड एसी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 2. गाडी संख्या 14707/14708, बीकानेर-दादर-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से दिनांक 01.07.24 से 31.07.24 तक एवं दादर से दिनांक 02.07.24 से 01.08.24 तक 01 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 3. गाडी संख्या 12495/12496, बीकानेर-कोलकाता-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से दिनांक 04.07.24 से 25.07.24 तक एवं कोलकाता से दिनांक 05.07.24 से 26.07.24 तक 01 थर्ड एसी इकोनामी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 4. गाडी संख्या 20471/20472, बीकानेर-पुरी-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से दिनांक 07.07.24 से 28.07.24 तक एवं पुरी से दिनांक 10.07.24 से 31.07.24 तक 01 थर्ड एसी इकोनोमी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 5. गाडी संख्या 22473/22474, बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से दिनांक 01.07.24 से 29.07.24 तक तथा बान्द्रा टर्मिनस से दिनांक 02.07.24 से 30.07.24 तक 01 थर्ड एसी इकोनोमी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 6. गाडी संख्या 22977/22978, जयपुर-जोधपुर-जयपुर रेलसेवा में दिनांक 01.07.24 से 31.07.24 तक 01 थर्ड एसी व 01 फर्स्ट मय सैकण्ड एसी श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 7. गाडी संख्या 14806/14805, बाडमेर-यशवन्तपुर-बाडमेर रेलसेवा में बाडमेर से दिनांक 04.07.24 से 25.07.24 तक तथा यशवन्तपुर से दिनांक 08.07.24 से 29.07.24 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 8. गाडी संख्या 14801/14802, जोधपुर-इंदौर-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से दिनांक 01.07.24 से 31.07.24 तक एवं इंदौर से दिनांक 04.07.24 से 03.08.24 तक 03 द्वितीय शयनयान व 01 साधारण श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 9. गाडी संख्या 12465/12466, इंदौर-भगत की कोठी-इंदौर रेलसेवा में इंदौर से दिनांक 02.07.24 से 01.08.24 तक एवं भगत की कोठी से दिनांक 03.07.24 से 02.08.24 तक 03 द्वितीय शयनयान व 01 साधारण श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 10. गाडी संख्या 14854/14853, जोधपुर-वाराणसी सिटी -जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से दिनांक 01.07.24 से 31.07.24 तक तथा वाराणसी सिटी से दिनांक 02.07.24 से 01.08.24 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 11. गाडी संख्या 14864/14863, जोधपुर-वाराणसी सिटी -जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से दिनांक 01.07.24 से 31.07.24 तक तथा वाराणसी सिटी से दिनांक 02.07.24 से 01.08.24 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 12. गाडी संख्या 14866/14865, जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से दिनांक 01.07.24 से 31.07.24 तक तथा वाराणसी सिटी से दिनांक 02.07.24 से 01.08.24 तक 01 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 13. गाडी संख्या 22483/22484, जोधपुर-गांधीधाम-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से दिनांक 01.07.24 से 31.07.24 तक तथा गांधीधाम से दिनांक 02.07.24 से 01.08.24 तक 01 सैकण्ड एसी व 01 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 14. गाडी संख्या 14807/14808, जोधपुर-दादर- जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से दिनांक 02.07.24 से 30.07.24 तक एवं दादर से दिनांक 03.07.24 से 31.07.24 तक 02 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 15. गाडी संख्या 20483/20484, भगत की कोठी-दादर-भगत की कोठी रेलसेवा में भगत की कोठी से दिनांक 01.07.24 से 29.07.24 तक एवं दादर से दिनांक 02.07.24 से 30.07.24 तक 02 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 16. गाडी संख्या 20485/20486, जोधपुर-साबरमती-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से दिनांक 01.07.24 से 31.07.24 तक एवं साबरमती से दिनांक 03.07.24 से 02.08.24 तक 02 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। 17. गाडी संख्या 20492/20491, साबरमती-जैसलमेर-साबरमती रेलसेवा में साबरमती से दिनांक 01.07.24 से 31.07.24 तक एवं जैसलमेर से दिनांक 02.07.24 से 01.08.24 तक 02 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बो की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।

# लापरवाही करने वाले सीएचओ एवं एएनएम पर निरंतर कार्यवाही जारी



♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी। झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना के निदेर्शानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी एस बघेल द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने हेतु फिल्ड में लगातार भ्रमण कर लापरवाही पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 26 जून बुधवार को निरीक्षण के दौरान सीएचओ निकीता शर्मा आयुष्मान आरोग्य मंदिर गढ़वाड़ा, सीएचओ ललिता डावर आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोमला, सीएचओ सोनल हिहोर आयुष्मान आरोग्य मंदिर झकेला, सीएचओ रविना कटारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेमलिया बड़ा अनुपस्थित पाये गए जिनका 07 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए तथा एएनएम द्वारा समय से पूर्व सत्र स्थल छोड़ने पर उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान सीपीएचसी सलाहकार कैलाश चरपोटा मौजूद रहे।

# लघु उद्योग विभाग में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन मौन




## दिन में खाली हो रहे बालू के ट्रक चले रास्ते में हादसे को न्योता...

♦भारत टाइम्स♦

**माधौगढ़ (जालौन)।** एक ओर प्रशासन ने आदेश जारी किया था की नपा की सड़कों पर गिट्टी, बालू एवं अन्य सामान रख कर अनावश्यक अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ धारा 133 के तहत कार्रवाई कि जाएगी। साथ ही सड़क पर रखा सामान भी जब्त किया जायेगा।वही दूसरी ओर बिल्डिंग मटेरियल के दुकानदारों द्वारा सड़क किनारे पर गिट्टी - बालू के ढेर सजाकर पूरी तरह अतिक्रमण कर प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए उनके आदेश की धज्जियां उड़ा रही है। बताते चले की नगर पंचायत में वैसे ही आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर स्थित लघु उद्योग विभाग प्रशासन की मौन साधना के कारण अतिक्रमण का शिकार है। दिन में ही खाली होते बालू के ट्रक से रास्ते में चलते वाहनों को हादसे के लिए न्योता जा रहा है रोड़ किनारे अतिक्रमण किये बिल्डिंग मटेरियल के दुकानदारों द्वारा गिट्टी - बालू के ढेरों को सजाने के लिए दिन में ही उन ट्रकों को खाली करवाया जाता है जबकि मुख्य रास्ते में ट्रक को उदबाते समय यदि कोई हादसा घटित हो जाता है तो यह बड़ी लापरवाही सामने आ सकती है खुले में प्रशासन को चुनौती देते दुकानदारों के खिलाफ प्रशासन आखिर क्यों मौन है जबकि गिट्टी व बालू से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। तहसील स्तर तक ऐसी कई दुकानें हैं जो सड़क पर चलती हैं। बाहर से लाल बालू और गिट्टी मंगाकर दुकानदार उसे सड़क किनारे गिरा देते हैं जबकि भंडारण के लिए लाइसेंस लेने का सरकारी प्रावधान हैं। इसके बावजूद खनन विभाग भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं करता। जिससे अतिक्रमण का यह खेल बढ़ता ही जा रहा है।

## कांग्रेस में चेहरे बदले हैं, चरित्र आज भी अधिनायकवादी : योगी आदित्यनाथ

♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** संसद में आपातकाल के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की ओर से पढ़े गये निंदा प्रस्ताव का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समर्थन किया है। उन्होंने इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश की वर्तमान पीढ़ी को ये जानने का अधिकार है कि कांग्रेस ने आजादी के बाद लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ किस प्रकार का बर्ताव किया था। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस में आज भले ही चेहरे बदल गये हों, मगर इसका चरित्र अधिनायकवादी और तानाशाही पूर्ण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार शाम अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। **इंदिरा गांधी ने घोंटा था संविधान का गला-** उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने आपातकाल के विरोध में एक निंदा प्रस्ताव पढ़ा है, इसके लिए उनका हृदय से अभिनंदन। हम सब जानते हैं कि 25 जून 1975 की मध्य रात्रि में तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व में उस संविधान का गला घोंटने का कार्य किया था, जिसकी शपथ लेकर वह देश की पीएम बनी थीं। ये देश के लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास था। कांग्रेस के इस काले कारनामों को जनता तक पहुंचाना आवश्यक है। आज भारत की संसद ने वही कार्य किया है। कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व संविधान के नाम पर और आरक्षण समाप्त करने के नाम पर देश को गुमराह करता रहा है।

### निंदा प्रस्ताव एक साहसिक कदम

*लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक संस्थाओं पर कांग्रेस का आज भी विश्वास नहीं है। भारत की हर संवैधानिक संस्था को कटघरे में खड़ा करना, विदेशों में भारत के लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न खड़ा करना इनकी फितरत है। इन्होंने 75 बार संविधान में संशोधन किये। अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करते हुए 90 बार लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों को बर्खास्त करने का कार्य किया है। देश की अखंडता के साथ खिलवाड़ किया है। इनके काले कारनामे की फेहरिस्त में आपातकाल भी आता है। वर्तमान पीढ़ी को इनके काले कारनामों से अवगत कराने के लिए ये निंदा प्रस्ताव पढ़ा गया है। ये एक साहसिक कदम है, जिसके लिए ओम बिड़ला जी अभिनंदन के पात्र हैं।*

# झमाझम बारिश में सीएम योगी ने की गोसेवा

**सीएम योगी की आवाज सुन दौड़ते चले आए गोवंश**

♦भारत टाइम्स♦

**गोरखपुर।** मंगलवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद बुधवार सुबह झमाझम बारिश के बीच मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने भीगने की परवाह न करते हुए गोशाला का भ्रमण कर गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से गुड़ खिलाया। बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है।



बुधवार सुबह मानसून की पहली झमाझम बारिश के बावजूद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। सीएम योगी की आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए। बारिश के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

## टेंगरा में 11 हजार वोल्ट के टूटकर गिरे तार से झुलसे बालक की कबीर चौरा अस्पताल में मौत,परिवार में कोहराम मचा

**रामनगर।** स्थानीय थानांतर्गत टेंगरा मोड़ पर मंगलवार की रात 11 हजार वोल्ट का तार अचानक टूट कर लबे सड़क पर गिर गया था। तार की चपेट में आकर पास में खेल रहा सात वर्षीय बालक भंवर राजभर पुत्र स्वर्गीय चंद्रभान राजभर बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने उसे पहले एल बी एस अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी गंभीर स्थित को देखते हुए ट्रामा सेन्टर बी एच यू के लिए रेफर कर दिया।कुछ देर के बाद वहां से भी जवाब मिलने के बाद परिवार के लोग कई अस्पताल गए जहां गरीबी देखकर किसी ने नहीं लिया उसके उपरांत श्री शिवप्रसाद गुप्त अस्पताल कबीर चौरा लेकर गए थे वहां दूसरे दिन बुधवार को उसकी मौत हो गई। यहां यह बता दें कि कि हाइवे के किनारे टेंगरा मोड़ सड़क के किनारे 11हजार बोल्ट का हाइटेंशन तार रात्रि 8.40 बजे के करीब अचानक टूटकर गिर गया था उस समय पास में घर के बाहर खेल रहा भंवर राजभर नामक बालक बुरी तरह से झुलस गया।इस बीच आसपास के दुकानों पर खड़े लोग भागने लगे।

## यशवन्तपुर-बीकानेर-यशवन्तपुर द्वि-साप्ताहिक रेलसेवा का

**जोधपुर।** रेलवे प्रयाासन द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा हेतु यशवन्तपुर-बीकानेर-यशवन्तपुर द्वि-साप्ताहिक रेलसेवा का बीरूर स्टेशन पर ठहराव अवधि में दिनांक 01.07.24 से 30.09.24 तक (तीन माह का) विस्तार किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के अनुसार गाडी संख्या 16587/16588, यशवन्तपुर-बीकानेर-यशवन्तपुर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा का बीरूर स्टेशन पर ठहराव की अवधि में दिनांक 01.07.24 से 30.09.24 तक (तीन माह का) विस्तार किया जा रहा है।

# सबका साथ हमारा विकास

**मेघनगर आदिवासी बाहुल्य झाबुआ जिले के औद्योगिक क्षेत्र का मेघनगर शहर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है मेघनगर जब ग्राम पंचायत का दायित्व निभा रहा था**

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी। झाबुआ।** मेघनगर आदिवासी बाहुल्य झाबुआ जिले के औद्योगिक क्षेत्र का मेघनगर शहर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है मेघनगर जब ग्राम पंचायत का दायित्व निभा रहा था तो मेघनगर कस्बा विकास के चक्र में घूम रहा था किंतु जब से नगर परिषद बनी है तब से मेघनगर शहर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है यह बात ओर है की मेघनगर के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष एवं अध्यक्षिता महोदय ने मेघनगर को विकास के साथ-साथ नगर वासियों की भी सुध ले रहे थे किंतु बीते वर्षों से मेघनगर नगर परिषद विकास के नाम पर विनाश की राजनीतिक खेल रही है ! ज्ञात रहे मेघनगर की नल जल योजना लगभग 31.32 करोड़ की योजना स्वच्छ जल सप्लाई करने की योजना भारत सरकार की थी किंतु नगर की नगर परिषद नगर वासियों को स्वच्छ जल की जगह मट मेला पानी पिलाकर भारत सरकार की स्वच्छ नल जल योजना को हंसी का पत्र बना रही है उसी तरह मेघनगर मे सड़क को लेकर भी नगर परिषद की लापरवाही सामने आ रही है वर्तमान नगर पुरातत्व विभाग की खोज का विषय बना हुआ है नगर मे टुटी फुटी आधी अधूरी नालिया सड़कों पर बहने को अभीषक्त है तो सड़के अपनी दुर्दशा पर समाधान कर रही है कहीं सड़के तो दूरबीन से देखने पर भी नहीं दिख रही है कई सड़के आधी अधूरी बनी हुई है तो इन सड़कों पर राहगीर प्रतिदिन गिरकर गंभीर घायल हो रहे हैं जब तक सड़के पूरी बनेगी तब तक बनी हुई सड़के अपना अस्तित्व खो देगी अगर हम जन चर्चा पर चर्चा करें तो सड़के भ्रष्टाचार की बलि चढ़ चुकी है बताते हैं की सड़कों का ठेका नगर परिषद ने अपने चाहते को दिया जिससे नगर परिषद चाह कर भी घटिया निर्माण पर ठेकेदार से चर्चा नहीं कर सकती चौराहे पर चर्चा तो यह तक चल रही है की सरकार का धन बर्बाद हो रहा है उससे नगर परिषद को कोई चिंता नहीं है नगर परिषद के कार्णधार तो अपनी राजनीति रोटियां सेखने में मस्त है स्मरण रहे की देश में मोदी जी की सरकार प्रदेश में मोदी जी की



सरकार तो नगर परिषद में भी मोदी जी की पार्टी की सरकार और यही कारण है की ना तो दिल्ली सरकार ध्यान दे रही है और ना ही प्रदेश सरकार ध्यान दे रही है स्थानीय नगर परिषद सरकार की तो हम बात ही नहीं कर सकते क्योंकि सबका साथ हमारा विकास की राजनीति में नगर का विनाश हो रहा है ओर नेताओं की तो उड़कर लग रही है ! नगरवासीयो एवं ग्रामीणों की लंबे समय से परेशानियों को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक वीर सिंह भूरिया ने मेघनगर आजाद चोक झाबुआ रोड का कार्य तत्काल शुरू करने के लिए लिखा पत्र।

## डीएम द्वारा रामपुरा गौशाला का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

♦भारत टाइम्स♦

**उरई(जालौन)।** उत्तर प्रदेश सरकार गौवंश संरक्षण को लेकर काफी गंभीर है, इसलिए सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में गौ आश्रय स्थलों का निर्माण कराया गया ताकि बेसहारा गोवंशों को सहारा दिया जा सके, आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ऐरी रामपुरा गौशाला का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश। गौशाला में संरक्षित गोवंशों को गुड़ खिलाकर गौ-सेवा की साथ ही गौवंशों व छोटे-छोटे गौवंश के बछिया, बछड़ों पर के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु निर्देश दिये गये ।गौशाला में साफ सफाई, छाया एवं पानी की उपलब्धता, नेपियर घास, भूसा का भंडारण आदि व्यवस्थाएं संतोष जनक मिली। उन्होंने कहा कि गोवंशों को



हरे चारे की कमी ना हो इसके लिए नेपियर घास का उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए, जनपद की समस्त गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों को हरा चारा, पानी, भूसा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, इसके लिए नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं, जो निरंतर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाएं चुस्त कर रहे हैं। गो आश्रय स्थल पर बृहद रूप से वृक्षारोपण हेतु संबंधित डीएफओ आदि अधिकारियों को निर्देश दिये । पूरे जनपद में सभी गो आश्रय स्थल पर एक साथ पेड़ लगाये जाने का कार्यक्रम है।

# नर्सिंग घोटाले का मुद्दा संसद में उठाने की तैयारी:घोटाले के दस्तावेज लेकर दिल्ली पहुंचा एनएसयूआई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग घोटाले का मुद्दा मध्य प्रदेश में तेजी से गूंज रहा हैं, विधानसभा के मानसून सत्र में कांग्रेस इसे मुद्दे को तेजी से उठाने वाली है। इसके लिए कांग्रेस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। उधर, एनएसयूआई भ्रष्टाचार से जुड़े दस्तावेज लेकर दिल्ली पहुंचा है। यहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नेताओं से मुलाकात कर संसद में यह मुद्दा उठाने की आग्रह की है। एनएसयूआई नेता रवि परमार नर्सिंग घोटाले से जुड़े दस्तावेज लेकर लेकर सोमवार से दिल्ली में



हैं। उन्होंने दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह से मुलाकात कर नर्सिंग घोटाले के मुद्दे को कांग्रेस सांसदो के माध्यम से लोकसभा में उठाने का आग्रह किया। परमार ने अकउउ मुख्यालय में पार्टी के अन्य सीनियर नेताओं से भी मुलाकात की और उन्हें हाईप्रोफाइल नर्सिंग घोटाले से अवगत कराया। रवि परमार ने वरूण चौधरी और दिग्विजय सिंह समेत अन्य पार्टी नेताओं को मध्य प्रदेश में हुए नर्सिंग कालेज घोटाले की बिन्दुवार जानकारी देते हुए। बताया कि राज्य की भाजपा सरकार में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों और मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के अधिकारियों और मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अधिकारियों की मिली-भगत से किस तरह नर्सिंग महाघोटाले को अंजाम दिया गया। परमार ने बताया कि प्रदेश में लाखों नर्सिंग छात्र छात्राओं के भविष्य के खिलवाड़ किया गया हैं। हम उनके हक की लड़ाई निरंतर लड़ रहे हैं। वहीं सरकार नर्सिंग घोटाले के आरोपियों को बचाने की कोशिश में जुटी हुई। लेकिन हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

# 5 जुलाई को भोपाल में जुटेंगे बिजलीकर्मी

## ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र, कहा- संविदा और गृह जिला ट्रांसफर नीति लागू नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 30 जून तक संविदा और गृह जिला ट्रांसफर नीति लागू नहीं होने पर 5 जुलाई को बिजली कर्मी भोपाल में बड़ा प्रदर्शन कर सकते हैं। यूनाइटेड फोरम फॉर पावर इम्प्लॉइज एवं इंजीनियर्स ने इस बारे में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को पत्र भी लिखा है। आंदोलन को लेकर भोपाल समेत अन्य जिलों में बैठकों का दौर भी चल रहा है। फोरम के अध्यक्ष वीकेएस परिहार ने ऊर्जा मंत्री से मांग की है कि 30 जून तक दोनों ही नीति लागू कर दी जाए। 11 महीने पहले संविदा नीति की घोषणा की गई थी, जो अब तक लागू नहीं की गई है। ऐसे में पूरे प्रदेश के संविदा



बिजली कर्मी नाराज हैं। 30 जून तक नीति लागू नहीं होने पर 5 जुलाई को भोपाल के गोविंदपुरा स्थित बिजली मुख्यालय पर आंदोलन करेंगे। बैठकों का कोई नतीजा नहीं- श्रीवास्तव ने बताया, ऊर्जा मंत्री तोमर एवं पावर मैनेजमेंट के प्रबंध संचालक से बैठक के दौरान स्पष्ट कहा था कि संविदा नीति में संशोधन के बाद नीति जल्द जारी की जाए, लेकिन 11 महीने के बाद भी ऐसा नहीं हो सका है।

### 2023 में पूर्व सीएम शिवराज ने बुलाई थी महापंचायत

फोरम के मीडिया प्रभारी लोकेंद्र श्रीवास्तव ने बताया, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा चुनाव-2023 के पहले कई विभागों की महापंचायत बुलाकर कर्मचारियों की मांग पूरी की गई थी। 4 जुलाई 2023 को संविदा कर्मचारियों की भी महापंचायत लाल परेड मैदान में बुलाई गई थी। जिसमें उन्होंने मंच से ही ऊर्जा विभाग के कड़े परिश्रम की तारीफ की थी।

# भोपाल में ATM कार्ड का क्लोन बनाकर की ठगी:सादे कागज पर लिखे नंबर पर फोन लगाकर मदद मांगी, खाते से कट गए 14900

**भोपाल।** में एटीएम में फ्रॉड का एक मामला सामने आया है। जिसमें एटीएम मशीन से ही किसी ने एटीएम क्लोन कर युवक के खाने से पैसे निकाल लिए। इसकी शिकायत साइबर पुलिस से की गई है। साइबर पुलिस का कहना है कि शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है। अभी फिलहाल इस बारे में कुछ साफ नहीं कहा जा सकता है। यह है मामला- कोलार के रहने वाले सुनील मालवीय ने पुलिस से शिकायत की है कि 23 जून को दोपहर 12:30 से 1 बजे के बीच मां के लिए कुछ पैसे निकालने के लिए दानिश कुंज कोलार के पास लगे एसबीआई एटीएम पर पहुंचा। यहां जैसे ही एटीएम कार्ड मशीन में




डाला, तेज आवाज के साथ एटीएम अंदर चला गया। कुछ देर तक आवाज आती रही। मुझे लगा एटीएम खराब है क्योंकि स्क्रीन पर भी कुछ नहीं दिख रहा था, और बार-बार कैंसिल बटन दबाने पर वहां कुछ नहीं हो रहा था। फर्जी नंबर से आया कॉल- इसके बाद मुझे लगा मशीन खराब है इसलिए वहां पर लिखा हुआ एटीएम केयर नंबर 6389390863 पर फोन किया। यह नंबर सादे कागज पर लिखा था। बात होने के कुछ देर बाद फोन कट गया, और फिर इस नंबर से फोन मुझे आया। उन्होंने बताया मशीन खराब है, आप एटीएम कार्ड जहां डालते हैं वहां पर एक नीचे बटन है उसे दबाकर इंटर बटन दबाया और पिन डाले उसके पश्चात मैंने वैसा ही किया। इसके बाद एटीएम कार्ड तेज आवाज कर के साथ बाहर आ गया। मुझे बताया गया मशीन खराब होने या ऐसी कंडीशन में एटीएम तो 24 घंटे के लिए ब्लॉक हो जाता है। इसके पश्चात में 24 तारीख सुबह तकरीबन 11:30 से 12:00 बजे बीमा कुंज एटीएम गया, जहां पर एटीएम यूज नहीं कर पाया। इसी बीच मां का फोन आया कि मैंने पासबुक में एंट्री से उन्हें पता चला कि उनके अकाउंट से 10,000 एक बार और 4,900 दूसरी बार में पैसे निकले हैं।

### अब जानिए क्या होती है कार्ड क्लोनिंग

*एटीएम बूथ में लगे एटीएम मशीनों से ही कार्ड क्लोनिंग होती है। इसके लिए साइबर अपराधी किसी एटीएम मशीन में माइक्रो कैमरे की तरह एक डिवाइस, जिसे स्कीमर कहते हैं, उसको छिपाकर लगा देते हैं। चूंकि, हर डेबिट कार्ड में एक मैग्नेटिक स्ट्रिप होती है, जिसमें आपके खाते से जुड़ी सभी जानकारी सेव रहती है। जैसे ही एटीएम के कीपैड में कोई व्यक्ति अपने कार्ड को डालने के बाद उसका पिन एंटर करता है, तो ओवरले डिवाइसेज के जरिए कार्ड के पिन को स्कीमर रीड कर लेता है। इनमें बैंक खाते से लेकर एटीएम कार्ड का पासवर्ड आदि तक शामिल है। इस जानकारी को हैकर अपने कंप्यूटर के इंटरनल मेमरी यूनिट में सेव करने के बाद उसको एक खाली कार्ड में डालकर आपके कार्ड का क्लोन यानी डूप्लीकेट कार्ड तैयार कर लेता है। इसकी मदद से वह किसी भी एटीएम में जाकर पैसे निकाल कर फरार हो जाता है।*

## ऋषिपुरम, गिन्नौरी रोड-प्रकाश नगर में कल बिजली कटौती:भोपाल के 25 इलाकों में सप्लाई नहीं; विनीतकुंज-गोपाल नगर में भी असर

**भोपाल।** के 25 से अधिक इलाकों में गुरुवार को 4 से 7 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। इसके चलते सप्लाई बंद रखी जाएगी। ऐसे में लोग जरूरी काम पहले से निपटा लें। ताकि, कोई परेशानी न हो। गुरुवार को जिन इलाकों में मेंटेनेंस के चलते सप्लाई बंद रहेंगी, उनमें ऋषिपुरम, गिन्नौरी रोड, प्रकाश नगर, गोपाल नगर, विनीतकुंज जैसे कई बड़े रहवासी इलाके भी शामिल हैं।




**इन इलाकों में पड़ेगा असर-** सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक इंद्रलोक नगर, प्रकाश नगर, भेल नगर, राज स्मार्ट फेस-3 एवं आसपास के इलाके। सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक ऋषिपुरम, दीप नगर, अजय हाइट्स, स्टॉर एवेन्यू एवं आसपास के क्षेत्र। सुबह 9 से शाम 4 बजे तक अमृतपुरी, गोपाल नगर, नागार्जुन, सुरभि लाइफ, निर्मल नगर, राधिका कुंज एवं आसपास। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कमला पार्क एरिया, गिन्नौरी रोड, सीआई हाइट्स, विनीतकुंज ए सेक्टर, आइना बंगला, अरिहंत अस्पताल एवं आसपास के इलाके।